महोदय, पैट्रोलियम सैक्टर अपने आप में बहुत तकलीफ में हैं, इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता। क्रूड आयल के प्राइसेस के भरोसे हमें जीना पड़ता है। लगभग 80 प्रतिशत के आसपास बाहर से हम इम्पोर्ट करके कच्चा तेल ले रहे हैं। बावजूद इसके जैसा जसवंत बाबू न कहा कि पैट्रोल के प्राइसेज फिर से बढ़ाने चाहिए। डीजल पर हम जो सब्सिडी दे रहे हैं, वह जबरदस्त है, लेकिन डीजल हमारे यहां पूरे देश की इकोनोमी का एक बहुत बड़ा बेस है। अगर डीजल के भाव को यूं ही बढ़ा दिया जाए तो उसका कैसकेडिंग इफैक्ट बहुत बड़ा होता है। फिर भी सरकार तमाम फिस्कल डेफिसिट के बावजूद डीजल पर सब्सिडी दे रही है, वह देनी पड़ेगी। इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में धीरे-धीरे आयल कंपनियों को कैसे आत्मनिर्भर किया जाए और उनकी पूरी इकोनोमी को कैसे दुरुस्त किया जाए, इस दिशा में प्रयत्न होना चाहिए। पैट्रोल को आपने डीरेगुलेट किया, क्या आने वाले दिनों में डीजल के बारे में कोई ऐसा वाजिब रास्ता ढूंढा जा सकता है, यह मैं जानना चाहूंगा। यदि मुझे उसके बारे में जानकारी मिलेगी तो अच्छी बात है।

एलपीजी और केरोसिन के लिए डायरेक्ट सब्सिडी के संदर्भ में आपने जो प्रस्ताव रखे हैं, निश्चित तौर पर वे बहुत ही सराहनीय हैं। इस पूरे बजट में तमाम तकलीफों के बावजूद जो हमारे देश में चल रहा है, उन तकलीफों के बावजूद मैं वित्त मंत्री महोदय को बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा कि हिंदुस्तान का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है, कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है, कोई भी ऐसा सैक्टर नहीं है, कोई भी ऐसा राज्य नहीं है और कोई भी ऐसा बिजनेस सैक्टर नहीं है, जिसके ऊपर इसमें ध्यान नहीं दिया गया हो। चाहे गरीब हो, किसान हो, अनुसूचित जाति या जनजाति हो, आर्थिक मंदी से परेशान उद्योग जगत हो, या छोटे-छोटे निवेशक हों जो हमारी स्टॉक मार्केट में निवेश करते हैं। मुम्बई और गुजरात में बड़ी भारी संख्या ऐसे निवेशकों की है, लेकिन मैं एक जानकारी शेयर करना चाहूँगा कि मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज की

रिपोर्ट है कि 20 लाख के लगभग निवेशक कम हो गए हैं। रीटेल निवेशकों की जो मार्केट में निवेश करने की रुचि होती थी, वह धीरे-धीरे कम हो रही है और ऐसे में आपने उन निवेशकों के बारे में भी विशेष तौर पर चिन्ता की है। आपने राजीव गांधी इनवैस्टमैंट स्कीम जो शुरू की है, वह बहुत ही आकर्षक है। मैं जानना चाहूँगा कि आखिर इस स्कीम के ज़रिये कैसे निवेश करेंगे क्योंकि मार्केट में निवेश तो करना है, लेकिन क्या होगा। मुचुअल फंड टाइप की व्यवस्था होगी या क्या है, जैसे नेशनल सेविंग्ज़ सर्टिफिकेट जैसी व्यवस्था है या क्या व्यवस्था है? इस बारे में कुछ और विस्तार से बताएँ क्योंकि बजट में इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं है।

फिर आपने इनफ्रास्ट्रक्चर सैक्टर पर जो ज़ोर दिया है, वह निश्चित तौर पर काबिले-तारीफ है क्योंकि हिन्दुस्तान क्या, पूरी दुनिया में किसी भी देश को अगर विकास करना है, डैवलपमैंट करना है तो बगैर इनफ्रास्ट्रक्चर का डैवलपमैंट किये कुछ नहीं हो सकता चाहे वह रोड सैक्टर हो, पावर सैक्टर हो या कोर सैक्टर हो। दुर्भाग्यवश पिछले 64 वर्षों में हमारे देश की आज़ादी के बाद आज भी तमाम सैक्टर्स का जितना डैवलपमैंट होना चाहिए, उतना नहीं हुआ है। हाँ, हाल के वर्षों में मुझे बड़ी खुशी होती है जब मैं मुम्बई से निकलकर हिन्दुस्तान के अलग-अलग राज्यों में जाता हूँ - कभी बिहार जाता हूँ, कभी यूपी जाता हूँ, कभी पंजाब जाता हूँ या दक्षिण भारत के राज्यों में जाता हूँ। वहाँ रास्तों का जो विकास हुआ है, उससे निश्चित तौर पर एक नई क्रंति सी दिख रही है। लेकिन अभी और क्रंति की आवश्यकता है, अभी और विकास होने की आवश्यकता है।

महोदय, मंत्री जी ने जिस प्रकार से इनफ्रास्ट्रक्चर सैक्टर के ऊपर रियायत देने के लिए विशेष तौर पर सोचा है, उसके लिए मैं उनकी तारीफ करता हूँ। दूरदराज के जो ग्रामीण क्षेत्र हैं, उन क्षेत्रों में भी बैंक्स वगैरह खुलें और स्वाभिमान योजना का विस्तार हो, यह सोच बहुत अच्छी है कि हर आदमी इस इनक्लूसिव ग्रोथ का हिस्सा बने, हर आदमी का विकास हो। जितने भी आर्थिक विकास के कार्यक्रम चल रहे हैं, आर्थिक गतिविधियाँ चल रही हैं, इन विकास के कार्यक्रमों में हर आदमी की भागीदारी हो, हर आदमी को इसका लाभ मिले, इसके लिए आपने जो स्वाभिमान योजना शुरू की है, निश्चित तौर पर यह बहुत अच्छी योजना है। निम्न दरों पर घर खरीदने की क्षमता रखने वाले जो शहरी लोग हैं, वे बहुत थोड़े से हैं, फिर भी उनके लिए आप जो स्कीम चला रहे हैं जो 1 परसेंट इंसैन्टिव आप देते हैं, वह बहुत अच्छा है, लेकिन मैं चाहूँगा कि होम लोन पर विशेष फोकस दिया जाए। मैं आगे होम लोन पर अपनी बात रखूँगा क्योंकि हमारे यहाँ बड़े पैमाने पर इस प्रकार के लोग हैं।

स्किल डैवलपमैंट के लिए जो आपने नौजवानों के लिए विशेष व्यवस्था की है, उसके लिए मैं बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष आयोजन है। इसमें हमारे देश की जो गरीब विधवाएँ हैं और शारीरिक रूप से जो विकलांग नागरिक हैं, उनके बारे में भी आपने इन तमाम कठिनाइयों के बावजूद सोचा है। सेना के जवानों के लिए जो 4000 सस्ते घर बनाने का प्रावधान किया गया है, इसके लिए मैं निश्चित तौर पर आपका अभिनन्दन करूँगा।

महोदय, कृषि क्षेत्र के बारे में जसवंत बाबू ने बहुत ही विस्तार से अपनी चिन्ता व्यक्त की। निश्चित तौर पर यह चिन्ता की बात है लेकिन मैं तो जसवंत बाबू की तरह खेतिहर नहीं हूँ, मैंने कभी खेती नहीं की है। लेकिन मैं एक बात महसूस करता हूँ कि पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर 2008-09 के बाद से हमारे देश में कृषि क्षेत्र में विकास हो रहा है। एक ज़माने में 1.5 प्रतिशत से ज्यादा कभी एग्रीकल्चर सैक्टर में ग्रोथ नहीं हो पाती थी। इसलिए आज 2.5 प्रतिशत के आसपास जो ग्रोथ रेट है, वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। यह और बढ़नी चाहिए। इसको और बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारे यहाँ आज तक 210 मिलियन टन से ज्यादा खाद्य उत्पादन नहीं हुआ था। पहली बार हमारे देश में ऐसा हुआ है हालांकि कभी-कभी दुख भी होता है, लेकिन पहली बार हमारे देश में ऐसा हुआ है कि 250 मिलियन टन के आसपास खाद्यान्न उत्पादन हुआ है। यह अपने आप में तारीफ़ की बात है और इसके लिए मैं अगर किसी को श्रेय देता हूँ तो तमाम जिन योजनाओं के बारे में हमें शक होता है, जिन योजनाओं के बारे में अक्सर हम आशंकित रहते हैं कि पता नहीं इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है या नहीं, उन योजनाओं का असर है, उन योजनाओं का फायदा है जो राष्ट्रीय कृषि विकास योजना है, उसका एक लाभ दिखता है। आपने कृषि क्षेत्र में जो क्रैडिट फैसिलिटी बढ़ाने की बात कही है, वह निश्चित तौर पर तारीफ की बात है। वह कम है जैसा जसवंत बाबू बोल रहे थे। 12 करोड़ किसानों की उपस्थिति में 5,75,000 करोड़ रुपये की जो क्रैडिट फैसिलिटी है, वह कोई बहुत ज्यादा नहीं है। फिर भी पिछले सालों की तुलना में क्रैडिट फैसिलिटी में काफी बढ़ावा हुआ है। सात प्रतिशत का जो इंटरस्ट रेट है, वह भी एक बहुत अच्छा सुझाव है। अगर पैसा समय पर लौटा दिया, तो तीन प्रतिशत और छूट देंगे, इससे ज्यादा दयालु वित्त मंत्री मुझे नहीं लगता कि किसानों के लिए कोई हो सकता है। इस दयालू व्यवहार के लिए मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। हमारा देश भले ही तरक्की कर रहा है, लेकिन यह भी एक सच है कि किसानों ने हाल के वर्षों में सुसाइड भी की है। मैं ऐसा नहीं मानता हूं कि एकदम सुसाइड करना बंद हो गई हैं। आत्महत्याओं का दौर धीमा पड़ा है। ईश्वर करे, कभी भी हमारे देश के किसान सुसाइड न करें। वे मेहनत करते हैं, खाद्यान्न पैदा करते हैं। इससे हम दो रोटी खा पाते हैं। जो लोग हमें खिलाते हैं, वे ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित और सुखी रहें। इस दृष्टिकोण से वित्त मंत्री जी ने जो इस बजट में प्रावधान किया है, उसके लिए मैं आभारी हूं।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के ऊपर 9270 करोड़ रुपए यानी पिछले साल से करीब 18 प्रतिशत अधिक आपने प्रावधान किया है। यकीनन, यह तारीफ के काबिल है। इसमें तीन सौ करोड़ रुपए आप हमारे यहां विदर्भ क्षेत्र में दे रहे हैं। विदर्भ एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सबसे ज्यादा किसानों ने आत्महत्याएं की हैं और विदर्भ सबसे ज्यादा इस दुख से, इस तकलीफ से शापित रहा है। ऐसे में आपके इस आवंटन से विदर्भ के किसानों को राहत मिलेगी।

National Horticulture Mission, National Pulse Mission, National Mission on oilseeds and oil Palm, National Food Security Mission, National Mission on Sustainable Agriculture including Micro Irrigation, National Mission on Agricultural Extension and Technology, National Mission on Food Processing. ये सारी योजनाएं निश्चित तौर पर कुछ दे रही हैं।

आपने उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए ग्रीन रैवोल्यूशन शुरू किया था और उसके लिए छोटा-सा एलोकेशन किया था। मुझे याद है वर्ष 2009 में जब आपने पहली बार इसकी घोषणा की थी तो लोगों ने कहा था कि यह तो ऊंट के मुंह में जीरा जैसी बात है। बहुत थोड़ा सा एमाउंट है। इसका फायदा क्या होगा? लेकिन आपने पिछले बजट में बताया था कि इसका असर यह हुआ है कि उत्तर-पूर्वी राज्यों ने खाद्यान्न के उत्पादन में जबरदस्त योगदान इस देश को दिया है। वहां उत्पादन बड़े पैमाने पर बढ़ा है। निश्चित तौर पर इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है और इन योजनाओं का लाभ देश को मिल रहा है।

किसान क्रेडिट कार्ड हो या आरआरबी की कैपसिटी बढ़ाने की आपने बात की है, निश्चित तौर पर यह एक अच्छी योजना है। एग्रीकल्चर रिसर्च के ऊपर दो सौ करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान कर रहे हैं। इरीगेशन के सेक्टर में 14244 करोड़ रुपए का प्रावधान आपने किया है, जिससे निश्चित तौर पर हमारी बंजर भूमि और खेतों को पानी मिलना जो दुर्लभ हो जाता है, बड़ी मुश्किल से डैम बनते हैं और डैम बनते हैं तो उनसे पानी नहीं मिलता है। पानी मिलता है तो वह खेतों तक नहीं पहुंचता है। ऐसे में इरीगेशन के आवंटन से आम किसानों को फायदा होगा।

गंगा-जमुनी संस्कृति के बारे में, उस तहज़ीब के बारे में जसवंत बाबू याद दिला रहे थे। बिलकुल गंगा और यमुना देश की मुख्य धारा है, इस देश की जीवन धारा है।

इस देश की जीवन शैली का हिस्सा है। इसमें यमुना के बारे में तो घोषणा नहीं है, लेकिन गंगा के बारे में बहुत अच्छी घोषणा है कि एक फ्लड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अपूर्व किया गया है। गंगा एक्शन प्लान एक अर्से से चल रहा है। मुझे याद है राजीव जी ने गंगा जी की सफाई के लिए बहुत गंभीरतापूर्वक एक योजना बनायी थी। उसके लिए फण्ड्स भी बहुत दिए गए हैं। इसके बावजूद आज भी गंगा जी तकलीफ में हैं। आने वाले दिनों गंगा जी के पानी का बेहतर ढंग से मैनजमेंट हो और उसका लाभ सभी को मिले। साफ-सुथरी गंगा हो। साफ-सुथरी यमुना हो। गंगा-यमुना के साथ-साथ आप देश की बाकी नदियों के बारे में भी आपको सोचना चाहिए। हमारे यहां महाराष्ट्र में, दक्षिण भारत में। मैं अभी पंजाब गया था। वहां मैंने सतलज और व्यास नदी देखी। बहुत अच्छी नदियां और बहुत अच्छा पानी मिल रहा है। रिवर मैनजमेंट का लाभ निश्चित तौर पर पंजाब के किसानों को मिल रहा है। जिसका नतीजा यह है कि पूरे देश के गेहूं और चावल का आधा उत्पादन पंजाब देता है। कृषि क्षेत्र के लिए नदियों की साफ-सफाई और कैसे उससे इरीगेशन में लाभ हो, यह ध्यान रखना चाहिए।

डेयरी डेवलपमेंट के लिए 2242 करोड़ रुपए की आपने व्यवस्था की है। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। हमारे देश में व्हाइट रेवोल्यूशन हुआ। दुनिया में सबसे ज्यादा दूध का उत्पादन हम कर रहे हैं। डेनमार्क और हमारे बीच एक कम्पीटीशन चलता रहता है। कभी हम आगे हो जाते हैं, कभी वह आगे आ जाता है। ऐसे में डेयरी सेक्टर पर और फोकस किया जाना चाहिए। दूध का उत्पादन और बढ़ना चाहिए।

महोदय, मैं तटीय क्षेत्र से आता हूं। मुम्बई समुद्री किनारे पर बसा हुआ शहर है और वहां बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन करने वाले लोग, मछली मारने वाले लोग, मछली मार कर जीवनयापन करने वाले लोग रहते हैं, जिन्हें हम मुछआरा, कोली कहते हैं। उन लोगों के लिए और पूरे देश के लिए आपने पांच सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

महोदय, यह कहा जाता है कि इन्क्लूसिव ग्रोथ होना चाहिए, बजट अमीरों के लिए है, बड़े लोगों के लिए है, कमज़ोर लोगों व पिछड़े लोगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मुझे इस बजट को देखकर बहुत अच्छा लगा कि आपने हमारी अनुसूचित जाति, और अनुसूचित जनजाति कम्युनिटी के लिए बने सब प्लान में बढ़ोतरी की है। एस.सी. सब प्लान के लिए आपने 37113 करोड़ रुपए का एलोकेशन किया है जो पिछले आवंटन से 18 प्रतिशत ज्यादा है। एस.टी. सब प्लान में आपने 21710 करोड़ रुपए दिए हैं जो पिछले आवंटन से 17.6 प्रतिशत ज्यादा है। हमारे देश का अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज निश्चित तौर पर आपका बहुत शुकू◌ाEगुज़ार रहेगा कि उनके सब प्लान की योजनाओं में आपने बढ़ोतरी की है।

गरीबों के लिए आप जो नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन चला रहे हैं, निश्चित तौर पर यह बहुत अच्छा कदम है। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाइवलीहुड मिले। इसमें 3915 करोड़ रुपए यानि 34 प्रतिशत ज्यादा आपने दिया।

आपने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता के लिए 14000 करोड़ के नेशनल स्किल डेवलपमेंट के लिए 1000 करोड़ रुपए दिया। गरीब विधवाओं और विकलांगों को जो 200 रुपए प्रति माह मिलता था, उसे बढ़ाकर आपने 300 रुपए प्रति माह किया। हालांकि, यह कम है। लेकिन, यह ठीक है। Something is better than nothing. पहले यह बहुत कम था। आपने इसे थोड़ा तो बढ़ाया। इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, मैं टैक्स प्रोपोजल के संबंध में कहूंगा कि बजट जब भी पेश होता है तो कहीं पर टैक्स बढ़ता है, कहीं पर टैक्स घटता है। किसी को खुशी मिलती है, किसी को ग़म मिलता है। हर बजट कहीं खुशी, कहीं ग़म का वातावरण देता है। लेकिन, वर्तमान व्यवस्था में आपने जो टैक्स प्रोपोजल्स दिए, उसमें आपने लोगों को बहुत ज्यादा दुख नहीं दिया। बल्कि, मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा लोगों को सुख ही मिला।

डायरेक्ट टैक्स, विशेषकर पर्सनल टैक्स में जो कमी की है, उसके लिए मैं आपको बधाई दूंगा। पहले 1,80,000 रुपए के ऊपर आयकर का एन्जेम्पशन मिलता था, आपने उसे दो लाख रुपए किया। अगर थोड़ा ज्यादा होता तो बेहतर होता। लेकिन, तक़लीफ यह है कि पहले से ही रेवेन्यू डेफेसिट चल रहा है, अगर आप ज्यादा करेंगे तो आपको और नुकसान होगा। फिर भी, आपने जो एक राहत दी, उसके लिए मैं आपका अभिनन्दन करता हूं।

टैक्स स्लैब में आपने 10 प्रतिशत के लिए दो लाख रुपए से पांच लाख रुपए, और 20 प्रतिशत के लिए पांच लाख रुपए से दस लाख रुपए तक किया। यह एक अर्से से लोगों की अपेक्षा थी और उस अपेक्षा को आपने पूरा किया है। इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

प्रत्यक्ष कर से आपको नुकसान था। लेकिन, अप्रत्यक्ष कर के ऊपर थोड़ा शोर मचा, इसके ऊपर लोगों ने एतराज़ किया, उसके जरिए आपको 45000 करोड़ रुपए का फायदा हो रहा है। इसके अलावा और कोई उपाय नहीं था। कहीं-न-कहीं से फायदा लेना था। लेकिन, मैं यह बात समझने की कोशिश कर रहा हूं कि वर्ष 2008 की जो आर्थिक मंदी थी, उसके बाद बड़े पैमाने पर एक्साइज ड्यूटी और सेवा कर में हमने कटौती की। उस समय 14 प्रतिशत की एक्साइज ड्यूटी को घटाकर आपने 8 प्रतिशत किया ताकि आर्थिक मंदी की मार से परेशान उद्योगों को राहत मिल सके। सेवा कर को भी आपने 12 प्रतिशत से घटाकर 10.36 प्रतिशत किया था। आज मैं देख रहा हूं कि वर्ष 2008 में आपने जो कम किया था, अभी भी हम वर्ष 2008 के आंकड़ों तक नहीं पहुंचे हैं। इसको मैं पार्शियल रोल बैक कह सकता हूं। धीरे-धीरे स्थितियां ठीक हो रही हैं। ऐसे उद्योग-धंधों को जिन्हें हमने स्टीमुलस पैकेज दिया था, उसमें बड़ा विरोध हुआ। सदन में उसके ऊपर आज भी एतराज़ करने वाले लोग हैं और उसकी कमी नहीं है। फिर भी, आपने धीरे-धीरे जो एक-एक, दो-दो प्रतिशत प्रत्येक वर्ष बढ़ाना शुरू किया, निश्चित तौर पर इसके अलावा कोई उपाय नहीं है, कोई ऑप्शन नहीं है। जो लोग सेवा कर के बारे में कहते हैं कि बढ़ा दिया गया है। उन्हें मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि 12.36 प्रतिशत जो सेवा कर था, वह वर्ष 2008 में था और आज 12.33 प्रतिशत हुआ है। इसका मतलब हम जहां थे, वहीं है। यह वर्ष 2008 की तुलना में बढ़ा नहीं है। एक्साइज ड्यूटी अभी भी कम है। वर्ष 2008 में यह 14 प्रतिशत था, आज यह 12 प्रतिशत ही है। ऐसे में एक पार्शियल रोल बैक हुआ है। लोगों को तक़लीफ देने के दृष्टिकोण से कुछ नहीं हुआ है।

कुछ सेक्टर ऐसे हैं जिन्हें आपने बहुत राहत दी है और उसके लिए निश्चित तौर पर पूरा देश आपका आभारी है। एग्रीकल्चर सेक्टर के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के ऊपर आपने जो जोर दिया है, इसके लिए आप निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। जैसा कि आप कह रहे हैं कि आने वाले पांच वर्षों में पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिए 50 लाख करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। 50 लाख करोड़ रुपए की जो आवश्यकता है, वह सरकार नहीं कर सकती है। इसके लिए आपने जो पी.पी.पी. मॉडल का सुझाव दिया है, यह निश्चित तौर पर बहुत अच्छा सुझाव है।

अभी आप पूरी दुनिया में देख लीजिए, रोड डेवेलपमेंट हो रहा है, ब्रिज एवं फ्लाईओवर्स बन रहे हैं। यह कोई बहुत ज्यादा सरकार हर जगह नहीं बना रही और सरकार बना भी नहीं सकती। कई जगह जो रास्ते बन रहे हैं, अच्छे-अच्छे रोड्स बन रहे हैं, लोगों को अच्छा लग रहा है। उन पर टोल नाके लगे हैं, टोल देने हैं। टोल देने की जो व्यवस्था है, उसे थोड़ा सा रेशनलाइज़ किया जा सकता है, कितना टोल किस पर देना है और कितने साल तक देना है। लेकिन इसमें ज्यादा से ज्यादा प्राईवेट

सैक्टर का पार्टिसिपेशन हो तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में पूरी दुनिया की तरह हमारे देश की सड़कों का भी विकास होगा, हमारे देश के भी फ्लाईओवर्स और ब्रिजेस का भी विकास होगा, ऐसा मुझे लग रहा है। इसलिए इफ्रास्ट्रक्चर में ज्यादा से ज्यादा प्राईवेट पार्टिसिपेशन होना चाहिए, ऐसा मैं आग्रह करता हूं।

आपने माइनिंग सैक्टर पर काफी ध्यान दिया है। रेलवे के बारे में हमारे पूर्व रेल मंत्री जी ने बताया कि तीन हजार करोड़ रुपए का आपने लोन दिया है। उन्होंने कहा कि हम सूद सहित एक साल के अंदर आपको लौटा देंगे। उसके बाद सिविल एविएशन सैक्टर, जोकि इस देश में आम आदमी को प्रभावित करने वाला सैक्टर नहीं है, मैं मानता हूं, लेकिन हमारे देश के उद्योग का एक बड़ा सैक्टर है। पिछले दिनों सिविल एविएशन सैक्टर में कौन सी प्राईवेट एयरलाइंस को क्या तकलीफ है, ये सब हम जानते हैं, लेकिन बार-बार एक डिमांड थी कि इसमें एफडीआई एलाऊ किया जाए। आपने इस प्रकार का एक हिंट दिया है। सिविल एविएशन सैक्टर के लोगों को एक्सटर्नल कमर्शियल बोरोइंग के लिए आपने जो अनुमति दी, वह निश्चित तौर पर अच्छा प्रयास एवं अच्छी घोषणा है। इससे आने वाले दिनों में हमारे यहां का जो एयरलाइन सैक्टर है, वह थोड़ा सा सस्टेनेबल हो जाएगा, सस्टेन कर पाएगा। उसकी अपने पैरों पर खड़ा होने की स्थिति बन सकती है। मेनुफेक्चरिंग सैक्टर, हैल्थ और न्युट्रिशन सैक्टर एवं एनवायरमेंट सैक्टर, इन सब को आपने जो डयूटी रिलीफ दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा। शेयर मार्केट के हिसाब से जो एसटीटी, यानी सिक्योरिटी ट्रंजेक्शन टैक्स का जो प्रपोजल था, उसको आपने कम किया है। मैं आने वाले दिनों में ऐसी उम्मीद करता हूं कि फेज़ आउट मैनर में उसे काफी कम करना है, बल्कि खत्म कर दिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। इससे एक निवेश की परम्परा और बढ़ेगी, निवेशेकों में उत्साह आएगा। लेकिन एसटीटी के साथ-साथ, जैसा कि इकोनोमिक रिव्यू में इस प्रकार का प्रस्ताव था कि सीटीटी भी आएगा, यानी कमोडिटी ट्रंजेक्शन टैक्स इस बार लाया जा सकता है, क्योंकि अगर एसटीटी आपने पूरी तरह से एबोलिश किया तो तीन-चार हजार करोड़ के आस-पास नुकसान है। अगर सीटीटी लेकर आते हैं तो छ: हजार करोड़ का फायदा है। यानी एसटीटी का नुकसान सीटीटी के जरिए कमोडिटी ट्रंजेक्शन, जो कमोडिटी एक्सचेंजेस इस समय हमारे देश में बड़े पैमाने पर चल रहे हैं, उससे निश्चित तौर पर कमोडिटी सीटीटी के जरिए उस नुकसान की भरपाई हो सकती थी, लेकिन सीटीटी नहीं आया। मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले दिनों सीटीटी के ऊपर वित्त मंत्री जी विचार करेंगे। हमारे पास जो एसएमईज़ हैं, स्माल एंड मीडियम एंटरप्राइसेस, उनके बारे में एक अर्से से चिन्ता थी। उन्हें आपने जो राहत दी, वह निश्चित तौर पर कमेंडेबल है। जिनका साठ लाख तक का टर्नओवर होगा, वह कम्पलसरी टैक्स ऑडिट से पार होंगे। एसएमईज़ वाले कहते थे कि आज के जमाने में 60 लाख की इतनी बड़ी वेल्यू नहीं है, इस लिमिट को बढ़ाया जाए। आपने इस लिमिट को बढ़ाया, एक करोड़ किया। मुझे लगता है कि एक करोड़ भी ज्यादा नहीं है। आने वाले दिनों में शायद इसके ऊपर पुर्नविचार करना पड़ सकता है, लेकिन इस घोषणा से एसएमईज़ निश्चित तौर पर खुश होंगे, उन्हें प्रसन्नता मिलेगी। आपने एक बहुप्रतीक्षित निर्णय करके जो दिया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं। होम लोन के सैक्टर में जैसे कि मैंने उम्मीद की थी, हमारे मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में बहुत ज्यादा लो-कास्ट हाउसिंग उपलब्ध नहीं हैं। जो अच्छे-अच्छे घर उपलब्ध हैं, वे 50 लाख से ऊपर के ही हैं। ऐसे घरों के लिए आपने जो 15 लाख के ऊपर लोन इंसेंटिव की व्यवस्था की है, वह इतनी महत्वपूर्ण नहीं है। इन घरों के ऊपर जो इंटरस्ट लगते हैं, उसको रेशनलाइज़ करने की आवश्यकता है। हमारे जो बैंक होम लोन पर इंटरस्ट दे रहे हैं, उनका एक फिक्स, फ्लोटिंग रेट है। लोग फ्लोटिंग रेट के नाम पर, कि फ्लोटिंग रेट कम होता जाएगा, इसलिए ले लेना चाहिए, लेकिन फ्लोटिंग रेट कभी कम नहीं होता है।

मैंने पहले भी वित्त मंत्री जी का ध्यान इस तरफ आकर्षित करने की कोशिश की थी कि इन दोनों रेट्स को मिला करके एक कॉमन रेट बनाया जाए, ताकि मिडल क्लॉस का व्यक्ति जो घर खरीदता है, वह सुरक्षित रहे। मान लीजिए छ: परसैंट के रेट पर एक आदमी अगर घर खरीदता है तो उसके बाद अगर उसके भाव बढ़ने लगे तो उसका पूरा का पूरा बजट डिसटर्ब हो जाता है, बजट खराब हो जाता है। ऐसे में अगर रेट फिक्स हो तो ज्यादा मेहरबानी हो सकती है। जो मध्यम वर्गीय परिवार है, वह राहत महसूस कर सकता है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि होम लोन के संदर्भ में एक अच्छा, नया दृष्टिकोण स्थापित करने की आवश्यकता है।

मैं वित्त मंत्री जी का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करूंगा कि उन्होंने ब्लैकमनी के ऊपर एक बड़ी भूमिका साफ की है। जो कालाधन है, वह हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों से चर्चा का बहुत भारी विषय है, इससे पहले भी भारी विषय था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में तो इस पर खूब चर्चा हो रही है। इस पर खूब सारे भाषण, मीटिंग्स एवं सभाएं हो रही हैं, ऐसे में वित्त मंत्री जी ने घोषणा की कि इसी साल, इसी सत्र में ब्लैकमनी के ऊपर एक श्वेत-पत्र लाया जाएगा। श्वेत-पत्र लाया जायेगा। निश्चित रूप से हमें उसका इंतजार रहेगा।

साथ-साथ आपने जो घोषणा की कि 16 साल पुराने जो इन्वैस्टमेंट्स हैं, पूरी दुनिया में, हिन्दुस्तान से बाहर किसी के भी जो इन्वैस्टमेंट्स हैं, उनको री-ओपन करने का, उनको इन्वैस्टीगेट करने का, उनको स्क्रूटेनाइज़ करने का अब काम शुरू हो सकता है। यानि हमारे डिपार्टमेंट को यह हक मिलता है, निश्चित तौर पर इससे ब्लैकमनी के ऊपर काफी हद तक नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है या उसको चैक किया जा सकता है। आपने ब्लैकमनी को लेकर जो जोरदार आन्दोलन चले, उसके आसपास या उसके दरम्यान या उसके बाद आपने जो अलग-अलग देशों के साथ 82 एग्रीमेंट किये, लगभग 82 एग्रीमेंट इधर किये और उसके बाद इधर टैक्स एक्सचेंज के लिए जो 17 एक्सचेंज किये, वे निश्चित तौर पर सराहनीय हैं।

पब्लिक प्रिक्यूरमेंट पॉलिसी में जो ट्रंसपेरेंसी होनी चाहिए, क्योंकि, भ्रष्टाचार रोकने के लिए इससे बढ़िया कोई काम नहीं हो सकता कि जो पब्लिक सैक्टर के लिए या फिर सरकार को जो चीजें खरीदनी होती हैं, उस खरीद-फरोख्त में एक पारदर्शिता हो, ट्रंसपेरेंसी हो। इसके लिए आपने जो एक संकल्प व्यक्त किया और आप जो एक व्यवस्था करने जा रहे हैं, उससे उम्मीद है कि भ्रष्टाचार कम होगा और सरकार का पैसा कम बर्बाद होगा, लोगों को ज्यादा लाभ होगा और भ्रष्टाचार के ऊपर भी नियंत्रण स्थापित होगा। इसके लिए भी मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

महंगाई एक बड़ा विषय है। महंगाई के बारे में पूरा देश चिन्तित है और समय-समय पर इन्फलेशन को कंट्रोल करने की दिशा में सरकार की तरफ से प्रयास भी हुए। एक प्रयास मैं लोगों के सामने अपने सदन के समक्ष रखना चाहता हूं और मैं चाहूंगा कि सरकार उस पर ध्यान दे। मैंने सुना है कि हाल के दिनों में सैण्ट्रल गवर्नमेंट की तरफ से एक सर्कुलर था, जो तमाम राज्यों को भेजा गया, नेशनल इनीशिएटिव ऑन वेजीटेबल्स, जो पैरीशेबल आइटम्स हैं, वे पैरीशेबल आइटम्स ए.पी.एम.सी. मार्केट के थ्रू बाजार में न जायें, डायरैक्ट मार्केटिंग का जो कंसैप्ट है, वह हो। इससे राहत यह मिलेगी कि जो पैरीशेबल आइटम्स हैं, वे जल्द से जल्द एक तो लोगों तक पहुंचेंगे और दूसरे बीच में जो सप्लाई चैन में जो होलसेल डीलर्स हैं, जो एजेण्ट्स बैठे हुए हैं, उनकी भूमिका कम होगी।

मुझे पिछले एक-दो वर्षों में 2-3 जगह जाने का मौका मिला, जहां हमारे किसान पैरीशेबल आइटम्स प्रोडयूस करते हैं, उनके आइटम्स की क्या दुर्गति है, वह मुझे देखने का मौका मिला। कर्नाटक में, पता नहीं मुनियप्पा जी हैं कि नहीं, मुनियप्पा जी की कांस्टीट्वेंसी कोलार है। मुझे कोलार जाने का मौका मिला। कोलार एक ऐसा जिला है, जो टमाटर के उत्पादन में सबसे आगे है। सबसे ज्यादा टमाटर का उत्पादन वहां होता है। अचानक मैंने वहां देखा कि कोलार के रास्ते के दोनों तरफ ऐसे ही टमाटर पड़े सड़ रहे हैं। मैंने कहा कि ऐसा क्यों हो रहा है तो बोले कि टमाटर तो पैदा हो गये, लेकिन टमाटर का कोई खरीदार नहीं है। आप लासरगांव नासिक में जायें तो सड़क पर इसी तरह से प्याज आपको सड़ते हुए मिलेंगे। आप यू.पी. या पंजाब में जायें, बंगाल में जायें तो सड़कों पर आपको आलू यूं ही सड़ते मिलेंगे तो कहीं न कहीं एक मिशन बनना चाहिए कि कोल्ड स्टोरेज ज्यादा से ज्यादा हों, यानि हमारे किसान जो भी इस प्रकार के पैरीशेबल आइटम्स प्रोडयूस कर

रहे हैं, उनको अपनी चीजें सुरक्षित रखने की एक व्यवस्था मिले और दूसरी बात, उनको अपना माल जो डायरैक्ट मार्केटिंग का कंसैप्ट आया है, उनको अपना माल खुद या एक ट्रेडर के माध्यम से सीधे बाजार तक पहुंचाने की छूट मिलनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था है, लेकिन राज्यों की सरकारें इस व्यवस्था को लागू नहीं कर रहीं, जिसमें मैं दुख के साथ कहता हूं कि हमारे राज्य में भी यह नहीं हो रहा है। मैं इस विषय को लेकर अपने राज्य में अपने राज्य की सरकार के साथ बार-बार बात कर रहा हूं कि आप इसे एलाऊ करिये, क्योंकि, अगर नासिक में चार रुपये किलो प्याज मिलता है तो वह मुम्बई के मार्केट में 18-19 रुपये के आसपास मिलता है। चार रुपये का प्याज 18 रुपये में यहां मिल रहा है तो ऐसे में बीच में केन्द्र सरकार कहां से दोषी हुई?

यह आखिर हो क्यों रहा है कि चार रुपये की चीज़ नासिक में एक होलसेलर उठाएगा, उसको ए.पी.एम.सी. में लेकर जायेगा, ए.जी.एम.सी. से कोई दूसरा डीलर लेकर जायेगा। फिर कोई डीलर लाकर मुम्बई के होलसेलर को देगा, फिर वह रिटेलर को देगा तो बीच में जो बड़े लेविल पर मार्जिन लिया जा रहा है, उस मार्जिन को नष्ट करने के लिए, खत्म करने के लिए और आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मैं यह चाहूंगा कि सरकार की तरफ से इस प्रकार का प्रोवीजन हो, जिसमें कि जो पैरीशेबल आइटम्स, खासकर जो कृषि के हैं, वे डायरैक्ट मार्केटिंग के जरिये सप्लाई हों और दूसरे पूरी सप्लाई चेन को दुरुस्त करने की दिशा में एक नई यंत्रणा स्थापित की जाये। जो मल्टीब्राण्ड एफ.डी.आई. की एक व्यवस्था थी,

15.59 hrs.

(Shri Satpal Maharaj *in the Chair*)

निश्चित तौर पर उस पर एक विवाद चल रहा है। आने वाले दिनों में चर्चा के माध्यम से उसके ऊपर एक रास्ता निकाला जाये, लेकिन महंगाई को नियंत्रित करने की दिशा में वह एक अच्छा कदम हो सकता है। ऐसे में बहुत गम्भीरता के साथ, जवाबदारी के साथ आपके समक्ष मैं यह बात रख रहा हूं। इसलिए मैं चाहूंगा कि उस दिशा में भी प्रणब बाबू ने जो घोषणा की है, उस दिशा में भी थोड़ा सा प्रयास किया जाये।

16.00 hrs.

अभी जसवंत जी आपने कहा था राज्यों की अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी हुयी है। यह बात आपने बहुत सही कही है। एक जमाना ऐसा था कि केंद्र की अर्थव्यवस्था सही होती थी और राज्यों की अर्थव्यवस्था खराब हो जाती थी। जितने भी स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड थे, वे लॉस में चलते थे, राज्य सारे ओवर ड्रॉफ्ट के ऊपर चलते थे, लेकिन पिछले चार-पांच वर्षों में अगर देखा जाए, तो हमारे पूरे हिंदुस्तान के तमाम राज्यों की स्थिति बहुत अच्छी हुयी है। उनका अपना फिसकल मैनेजमेंट तो है, लेकिन उसका बड़ा कारण मैं देखता हूं कि केंद्र से बड़े पैमाने पर पैसा जा रहा है। इसके ऊपर अक्सर विवाद होता है कि आपको थोड़े न पैसा है, यह देश का पैसा है। बिल्कुल, मैं नहीं कह रहा हूं कि हमारा पैसा है, सरकार का पैसा है, कांग्रेस का पैसा है, यूपीए का पैसा है, मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं। पूरे देश का जो टैक्स कलेक्शन है, उसका हिस्सा जाता है और वह हिस्सा, जो 13वां फाइनेंस कमीशन था, उसकी रिकमेंडशन के हिसाब से जा रहा है। उन्होंने सेट किया कि इस राज्य को इतना जाएगा, इस मद में इतना जाएगा। आज जो हम 1 लाख 66 हजार करोड़ की स्कीम बना रहे हैं, जो हमारी फ्लैगशिप स्कीम्स हैं, जो हम गांवों में लागू करने जा रहे हैं, वह केंद्र सरकार खुद नहीं लागू करेगी। इसमें सारा का सारा पैसा राज्यों के पास जाएगा। राज्यों के माध्यम से लागू होगा। राज्यों के पास सेंट्रल गवर्नमेंट का जो एलोकेशन है, वह बड़े पैमाने पर जा रहा है। हमारे पास बहुत लंबी चौड़ी फीगर है। मैं कई राज्यों को देख रहा हूं। बिहार हो या गुजरात हो, मध्य प्रदेश हो या जम्मू-कश्मीर हो या महाराष्ट्र हो, इन तमाम राज्यों को जिस प्रकार से जो सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से एलोकेशन दिया गया है, उसके माध्यम से राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं को बड़ी राहत मिली है और बड़ी दुरूस्त हुयी है, तो निश्चित तौर से यह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। ...(व्यवधान)

**श्री हुकमदेव नारायण यादव (मधुबनी):** केंद्र देता है, लेकिन राज्य भी उसमें अपना हिस्सा लगाता है। ...(व्यवधान)

**श्री संजय निरुपम :** मैं इस पर विवाद नहीं कर रहा हूं। मैं सिर्फ यह कह रहा हूं कि इसके माध्यम से जो सेंट्रल गवर्नमेंट की सारी स्कीम्स हैं और स्कीम्स का जो एलोकेशन राज्यों के पास जा रहा है, वह निश्चित तौर पर उन राज्यों को बहुत राहत दे रहा है और ईश्वर करे यह राहत उनको हमेशा मिलती रहे। जसवंत बाबू, आपने कहा कि जब राजा व्यापारी होगा, तो प्रजा भिखारी हो जाएगी। States should not be traders. आपकी लाइन बड़ी अच्छी थी। इसी आधार पर मुझे याद आ रहा है कि एनडीए के जमाने में डिसइन्वेस्टमेंट का एक जबरदस्त कार्यक्रम चल रहा था और बड़े पैमाने पर डिसइन्वेस्टमेंट हुआ। आपने कहा कि स्टेट को बिजनेस नहीं करना चाहिए। बिस्किट बनाने का काम सरकार का नहीं है, होटल चलाने का काम राज्य का नहीं है और इस आधार पर कहीं बाल्को बेचा, कहीं आपने सेंटूर होटल बेचा। यह बात सही है कि सरकार को धंधे से बाहर निकल जाना चाहिए, लेकिन सरकार को धंधे से बाहर निकलते समय वह धंधा बंद हो जाए, ऐसा भी नही होना चाहिए था। सबसे बड़ा उदाहरण मैं आपको सेंटूर देता हूं। हमने सेंटूर में डिसइन्वेस्टमेंट किया, लेकिन आज सेंटूर चल रहा है क्या? सेंटूर के मजदूर कहां हैं? कितने तो सुसाइड कर लिए, भुखमरी की नौबत आ गयी। जो अंधाधुंध डिसइन्वेस्टमेंट हुआ था, वह डिसइन्वेस्टमेंट यहां न हो, ऐसा मैं आगूह करूंगा। पिछली बार बजट का चालीस हजार करोड़ का डिसइन्वेस्टमेंट के लिए टार्गेट था। जो हमारा फिसकल डेफीसिट है, उसका एक बड़ा कारण यह है कि डिसइन्वेस्टमेंट का टार्गेट हम एचीव नहीं कर पाए। 40 की जगह सिर्फ 15 हजार करोड़ रूपए के आसपास हम डिसइन्वेस्टमेंट के माध्यम से पा पाए, इस साल हम लोगों ने तीस हजार करोड़ किया। मैं इस सरकार को बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा कि डिसइन्वेस्टमेंट का जो तरीका इन्होंने तय किया है कि जो मैनेजमेंट कंट्रोल होगा, वह सरकार के पास रहेगा। ज्यादा से ज्यादा पांच-दस परसेंट हम आईपीओ के जरिए, शेयर मार्केट के जरिए ऑफ लोड करेंगे और उसके जरिए पैसे लेकर अपनी पीएसयूज में लेकर आएंगे। यह तरीका होना चाहिए और मुझे लगता है कि उस समय भी इस तरीके के बारे में काफी कुछ सुझाव भी दिया गया था, लेकिन उस समय की सरकार ने नहीं माना। मैं यह समझता हूं कि उस समय की सरकार अगर मानती तो आज विपक्ष में बैठने की नौबत नहीं होती, लेकिन आपने नहीं माना, आपको बार-बार कहा गया। आज यह सरकार अगर डिसइन्वेस्टमेंट का सेक्टर हो या तमाम क्षेत्रों में जिस प्रकार से एक कार्यक्रम चला रही है, वह कार्यक्रम कहीं न कहीं देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए, आम आदमी को राहत देने के लिए है। आगे जाकर जो पूरा उद्योग जगत है, जिसमें लोगों को रोजगार मिलता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को ताकत मिलती है, उन सबको राहत देने वाला एक कार्यक्रम चल रहा है।

हमारे वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उससे आने वाले दिनों में देश का भविष्य निश्चित तौर से संवरेगा, देश के हर वर्ग को राहत मिलेगी, ऐसा मेरा विश्वास है। देश के हर क्षेत्र में विकास होगा, विकास की जो नयी योजनाएं लागू हो रही हैं, उससे निश्चित तौर विकास की गंगा बहेगी। पिछले सात वर्षों से बार-बार जो रूरल सेंट्रिक स्कीम हमने ज्यादा से ज्यादा बनायीं, वह निश्चित तौर पर सिटीजन सेंट्रिक है, क्योंकि रूरल एरिया में लोग ही रहते हैं और उनके लिए ही सारी की सारी स्कीम्स हैं। आपने जो कहा कि सिटीजन सेंट्रिक हो, निश्चित तौर से सिटीजन सेंट्रिक है। इसको ध्यान से समझने और पढ़ने की आवश्यकता है। आपने कहा कि भारत का बजट हो। The Budget should be of India and not of the Government of India.

यकीनन, पूरा बजट आप पढ़ेंगे तो इसमें ज्यादा से ज्यादा जोर भारत के लोगों के विकास के लिए है। आनेवाले दिनों में इस बजट के माध्यम से गरीबी कम होगी। इस बजट के माध्यम से ज्यादा विकास होगा। इस बजट के माध्यम से कृषि क्षेत्र का विस्तार एवं विकास होगा। इस बजट के माध्यम से उद्योग क्षेत्र में विकास होगा और जहां कहीं इस आर्थिक मंदी के बावजूद, चारो तरफ जो आर्थिक हमले हो रहे हैं उन हमलों के बावजूद जो विकास होगा तो सुधार होगा उसका एक मानवीय चेहरा होगा। आर्थिक सुधार होने के बहुत सारे हमारे बिल पड़े हुए हैं। इन बिलों के बारे में कोई चिंता ही नहीं कर रहा है। आपने चिंता व्यक्त की कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। आपने चिंता व्यक्त की कि फिस्कल डेफिसिट नहीं होना चाहिए। आपने चिंता व्यक्त की कि भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। इन चिंताओं का जो मैनिफैस्टेशन है वह इन बिलों को पास किए बगैर नहीं हो सकता है। प्रणव बाबू ने सुधारवादी विधेयक सदन के समक्ष रखे हैं, यह सरकार उन विधेयकों को लेकर तैयार है। उन विधेयकों पर कहीं-कहीं एक सहमति बनाने की आवश्यकता है। पूरा देश देख रहा है कि सुधार की दिशा में सरकार के कदम क्या हैं? कहीं न कहीं हमारे जो कदम रूके हुए हैं, वह विपक्ष के असहयोग की वजह से रूके हुए हैं। मैं चाहूंगा कि विपक्ष सहयोगात्मक रवैया अपनाये। तमाम सैक्टर्स में सुधार की दिशा में जो कानूनी प्रस्ताव हैं, जो विधेयक लंबित पड़े हैं उन विधेयकों को पास किया जाए ताकि हिन्दुस्तान में सुधार का कार्यक्रम आगे बढ़े। हां, वह सुधार का कार्यक्रम एक मानवीय चेहरा लेकर हो, आम आदमी के विकास के लिए हो। वह इन्क्लूसिव ग्रोथ देने वाला हो, गरीब को आगे लेकर जाने वाला हो। वह सिर्फ अमीर का विकास करने वाला न हो। आपने कहा कि हर आदमी की जेब में पैसा आना चाहिए। हमको विकास चाहिए और ऐसा विकास लाने के लिए जो सुधारवादी कार्यक्रम चल रहे हैं उन कार्यक्रमों को समर्थन दीजिए। उन कार्यक्रमों में सहयोग दीजिए। उनको पास करने में आप अपना सहयोग दीजिए। ऐसा मैं आप से निवेदन करता हूं।

सभापति महोदय, आपने मुझे समय दिया इसके लिए शुक्रिया अदा करता हूं।

**श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज):** सभपति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे वर्ष 2012-13 के बजट पर बोलने का अवसर दिया है। अभी संजय निरूपम जी आपना भाषण दे रहे थे तो ऐसा लग रहा था कि बजट के अंदर जो घाव है उसको बहुत अच्छा डाक्टर सर्जरी करने का काम कर रहा है। उन्होंने बहुत अच्छे ढंग से सर्जरी करने का काम किया है। महोदय, मैंने भी बजट को पढ़ने की कोशिश की है। इस बजट में देश के अंदर बढ़ती हुई महंगाई के लिए सरकार क्या काम कर रही है उसे मैं ढूढ़ने का काम कर रहा था। बेरोजगारी बढ़ रही है उसके लिए सरकार क्या कर रही है उसे मैं ढूढ़ने का काम कर रहा था। गरीबी जो अभिशाप बन चुकी है उससे लड़ने के लिए सरकार ने क्या संकल्प लिए हैं उसे मैं ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा था। मैं स्वास्थ्य के बारे में जानने की कोशिश कर रहा था। मैं शिक्षा के बारे में जानने की कोशिश कर रहा था। एक समस्या जो हमारे देश के सामने है जिस पर किन्हीं कारणों से लोगों की नजर नहीं पड़ती है-यह बढ़ती हुई आबादी। बढ़ती हुई आबादी स्वयं में एक समस्या है। इस समस्या से कई समस्याएं पैदा होती हैं। इस बजट के अंदर कहीं भी ऐसा नहीं दीखता है कि आने वाले संकट से सरकार जूझने या टकराने का काम करेगी।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि आज भ्रष्टाचार दिल्ली से चल कर बड़े शहरों, छोटे शहरों, बड़े दफ्तरों, छोटे दफ्तरों से हो कर आज गांवों तक पहुंच गया है। आज सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, हम यह नहीं कहते हैं कि सरकार की नीयत में कोई कमी है लेकिन आज कोई ऐसी योजना नहीं है जो भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ गई हो।

महोदय, हमने बचपन में बंगाल में काला जादू का नाम सुना था कि बंगाल में कोई काला जादू होता है। लेकिन वित्त मंत्री जी ने इस बार उस काले जादू का प्रयोग आम जनता के लिए किया है। इन्होंने जनता की जेब में जहां प्रत्यक्ष करों के रूप में 4500 करोड़ रुपये राहत देने की बात की है, वहीं बड़ी सफाई से दूसरी जेब से अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से 41,440 करोड़ रुपये निकालने का काम किया है। आपने जो टैक्स बढ़ाए हैं, कल रेवती रमण सिंह जी के यहां सोने के कुछ व्यापारी आए थे। वैसे सोने के व्यापारी पूरे देश में धरना और प्रदर्शन कर रहे हैं। सवाल सोने का नहीं है, गांव में बैठे हुए गरीब से गरीब आदमी के यहां भी जब शादी-ब्याह होता है तो वह छोटा-मोटा कोई न कोई जेवर बनवाने का काम करता है। लेकिन जब बड़ा आदमी दुकान पर जाता है तो ब्रांडेड जेवर खरीदता है और ब्रांडेड जेवर खरीदते समय वह कीमत नहीं पूछता। पसन्द करने के बाद पैक करने का आदेश देता है और बिल का पैसा दे देता है। लेकिन आज छोटे-छोटे कस्बों में जो इसके कारीगर हैं, जिनके हाथों में हुनर है, जो व्यवस्थित नहीं हैं, जो गांवों में जाकर नथुनी, किलनी, बिछिया बनाने का काम करते हैं, आज आपने नान-ब्रांडेड जेवरात जैसे नथुनी, किलनी, बाली पर भी टैक्स लगाने का काम किया है। यह देश आपको कभी माफ नहीं कर सकता। लाखों लोग बेरोजगार हो रहे हैं। दूसरी तरफ हमारे वित्त मंत्री जी कहते हैं कि जब उन्हें सब्सिडी की चिन्ता होती है, याद आती है, तो उन्हें नींद नहीं आती। मैं कहना चाहता हूं कि उर्वरक, खाद्यान्, पैट्रोलियम, आयकर मिलाकर भारत सरकार जो सब्सिडी देने का काम करती है, वह 2,50,723 करोड़ रुपये है। वहीं दूसरी तरफ उद्योग जगत को सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, कारपोरेट कर की जो राहत देती है, वह 5,39,532 करोड़ रुपये है। वित्त मंत्री जी को रात को नींद नहीं आती। किसी ने कहा है -

इस दौर में इंसाफ का एहसास नहीं है

मिलता है उसे जाम जिसे प्यास नहीं है।

खुद्दार हूं इज़हारे जहां कर नहीं सकता

साकी यह समझता है मुझे प्यास नहीं है।।

क्योंकि कमजोर लोगों का संगठन नहीं है, कमजोर लोगों की आवाज नहीं पहुंच सकती, बड़े लोगों की आवाज पहुंच सकती है, बड़े लोग आपसे मिल सकते हैं। इसलिए बड़ी विनम्रता से कहना चाहता हूं कि कमजोर लोगों के लिए यह बजट अच्छा नहीं है।

मैं बहुत लम्बी-चौड़ी बात नहीं करूंगा। मैं कुछ विचाराधीन प्रोजैक्ट्स की बात करूंगा। 10, 15, 20 साल पहले जो प्रोजैक्ट शुरू किए गए, जिनके ऊपर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए, आज वे प्रोजैक्ट किस हालत में हैं। वे आगे बढ़ रहे हैं या नहीं, उन पर काम हो रहा है या नहीं, इसे देखने की जरूरत आज सरकार महसूस नहीं करती। मैं केवल एक प्रोजैक्ट का जिक्र करना चाहता हूं। लैप्ट बैंक घाघरा नहर परियोजना, सरयू नहर परियोजना उत्तर प्रदेश की सिंचाई की परियोजना है। वर्ष 1974 में यह परियोजना केन्द्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों द्वारा मिलकर शुरू की गई थी। इसमें 2/1 का हिस्सा था। इस परियोजना को 1982-83 में पूरा हो जाना चाहिए था। यह परियोजना 299 करोड़ रुपये में पूरी होनी थी, लेकिन वर्ष 2008 तक 73 हजार 29 करोड़ रुपये इस परियोजना पर

खर्च हो चुके हैं, जबकि इस परियोजना का अभी तक 40 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि हमारी जो परियोजनाएं चल रही हैं, ये आसमान में नहीं चल रही हैं। इसके लिए जमीनें ली गयी हैं, लोगों को उजाड़ा गया है, खेतियां बंद कर दी गयी हैं। एक तरफ जमीन पर खेती नहीं हो रही है और दूसरी तरफ लाखों हैक्टेयर जमीन ली गयी है। मेरे पास यह आंकड़ा है। इस परियोजना से गोरखपुर मंडल तक कई जिले लाभान्वित होने वाले थे।

सभापति महोदय, यह परियोजना वर्ष 1974 में शुरू हुई थी, जो वर्ष 2012 में भी पूरी नहीं हुई है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यह एक परियोजना की बात नहीं है। देश में ऐसी परियोजनाएं जहां कहीं भी चल रही हो, जिन पर हमारे पैसे खर्च हो चुके हों, उन परियोजनाओं की पहले समीक्षा करनी चाहिए और फिर उन्हें पूरा करना चाहिए, क्योंकि वे परियोजनाएं किसी न किसी कारण से बनायी गयी हैं।

सभापति महोदय, मैं नदियों के बारे में भी थोड़ी सी बात करना चाहता हूं। हमारे देश में नदी और नारी का जब तक सम्मान था, तब तक हमारे देश को विश्व गुरू कहा जाता था। लेकिन आज नदियों की जो हालत है, भगवान कृष्ण ने ÂÂªÃ‰Ã Ã‰Ã–xÃ‰Ã‰ में कभी कालिया नाग को नाथने का काम किया था। कालिया नाग तो मर गया, लेकिन आज यमुना स्वयं कालिया नाग बनकर दिल्ली से निकल रही है।

महोदय, अभी पूरी दुनिया पानी की चिंता कर रही है। किसी ने कहा था कि पानी के लिए अगला विश्व युद्ध लड़ा जायेगा। शायद अटल जी ने भी कहा था। लेकिन अब कुछ लोग कहते हैं कि जब पीने के लिए पानी रहेगा, तभी तो विश्व युद्ध लड़ा जायेगा। आज यह हालत है। पहले जब हमारे पुरखे, हमारे बाप-दादा किसी गांव को बनाते थे, तो बगल में तालाब बनाते थे। आज अगर कोई भी बड़ा गांव मिलेगा, तो वहां आपको तालाब मिलेगा। आज पूरे देश में ऐसे तालाबों का अतिक्रमण कर लिया गया। लोगों ने उसकी पटाई कर ली, उस पर घर बना लिया। हमें एक अभियान चलाकर उन तालाबों को खाली कराने का काम करना चाहिए। हर दस-पांच किलोमीटर के बाद कोई न कोई नदी, झील मिल जायेगी।

महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी हमारी बात को नोट कर रहे हैं। मैं उन्हें एक सुझाव देना चाहता हूं कि आपने अभी तमाम पोखरे खुदवाये। भारत सरकार के सहयोग से देश में तमाम पोखरे, तालाब खोदे गये। लेकिन आप समीक्षा करा लीजिए कि आज उन तालाबों में पानी नहीं है। मैं आलोचना नहीं कर रहा। मैं 10-15 प्रतिशत की बात नहीं करता, लेकिन 85 प्रतिशत पैसे का दुरुपयोग हुआ है। आज तालाबों में पानी नहीं है। हमारे देश में कितनी झीलें, तालाब और पोखरे हैं? भारत सरकार को एक अभियान चलाकर इन नदियों, पोखरों, तालाबों और झीलों को सबसे पहले कार्यक्रम में लेकर उन्हें गहरा करा कर पानी रोकने का काम करना चाहिए। ये इंजीनियर क्या बतायेंगे कि कैसे पानी का संचयन किया जाये। पानी का संचयन हमारे बाप-दादा करते थे, हमारे पुरखे करते थे। हम जानते हैं, गांव के लोग जानते हैं। आप जयपुर में चले जाइये। झीलें किसने बनवायी थी? चरखारी, बुंदेलखंड में चले जाइये। वहां सात-सात तालाब किसने बनवाये थे? देश के किसी भी भाग में चले जाइये, लोगों ने पानी का इंतजाम किया था। आप नया तालाब मत बनाइये। जब जरूरत होगी, तब नया तालाब भी बनाइये, लेकिन एक अभियान चलाकर झीलें, तालाब और पोखरों को गहरा कराकर पानी रोकने का इंतजाम कीजिए। हम कोई आलोचना करने के लिए इस बात को नहीं कह रहे। ...(व्यवधान)

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** आंध्र प्रदेश से जो मछली आती है ...(व्यवधान)

**श्री बृजभूÂाण शरण सिंह :** अभी मछली की बात हो रही है। उत्तर प्रदेश में नदियों, तालाबों में बहुत बड़े पैमाने पर मछलियां मिलती थीं। वे मछलियां केवल खाने को नहीं मिलती थीं, वे मछलियां गरीब लोगों को, कमजोर लोगों को जीविका देने का भी काम करती थी। कुछ जातियां ऐसी हैं, जो उसी पर निर्भर हैं, लेकिन आज तालाबों और नदियों में मछलियां नहीं रह गयी हैं। ट्रक के ट्रक मछलियां भरकर आंध्र प्रदेश से आती है। अब कितने दिनों में वह ट्रक यहां पहुंचता है? आज सलमान खुर्शीद साहब यहां बैठे हैं, आप अगर अपनी मंडी में ताजा मछली खोजने लगें, तो आपको नहीं मिलेगी, आंध्रा वाली मछली ही मिलेगी। पहले उत्तर प्रदेश में ऐसा नहीं था। मैं कहना चाहता हूं कि सारे कार्यक्रम रोककर जो हमारे तालाब हैं, नदियां हैं, पोखरे हैं, उनको गहरे करने का इंतजाम करना चाहिए और जल संचयन करने का इंतजाम करना चाहिए।

अब मैं थोड़ी सी बात किसानों की करना चाहता हूं। आज खेती बड़े घाटे का सौदा हो गयी है। हमारी खेती की लागत और किसान के श्रम को अगर जोड़ लिया जाए, तो खेती घाटे का सौदा बन चुकी है, लेकिन वह किसान मजबूर है, विवश है, उसके पास कोई रास्ता नहीं है। किसान का बेटा जब किसी अधिकारी के बच्चे को ब्रांडेड जूते पहने हुए देखता है, तो उसकी भी इच्छा होती है कि मेरे पैर में भी ब्रांडेड जूता होना चाहिए, लेकिन आज किसान का बेटा ब्रांडेड जूता नहीं पहन सकता। किसान का बेटा खेती के बल पर किसी अच्छे स्कूल में नहीं पढ़ सकता है। मैं सरकार की आलोचना नहीं कर रहा हूं, केवल सच्चाई सामने रखने की कोशिश कर रहा हूं, सुझाव दे रहा हूं। किसी अच्छे स्कूल में पढ़ नहीं सकता, अच्छे से दवा नहीं करा सकता, अच्छे कपड़े नहीं पहन सकता है। वह किसान, जिसे हमारे देश में भगवान का दर्जा प्राप्त था, उस भगवान का बेटा आज ललचाई हुई नजरों से ब्रांडेड जूता और ब्रांडेड शर्ट देखता है। किसानों की स्थिति अच्छी नहीं है। आपकी सरकार है, आप क्या कर सकते हैं, मैं यह नहीं कहना चाहता कि कैसे करेंगे, लेकिन आपको करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, सेंट्रल रोड फण्ड योजना आदि योजनाएं बहुत अच्छी हैं, लेकिन आज भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उत्तर प्रदेश के अंदर पिछले चार-पांच साल से काम बिल्कुल बंद है, इसलिए पैसा देकर जल्दी काम शुरू करवाइए। मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना है, इसका ठेका बड़ी-बड़ी कंपनियों ने ले लिया है और कोई काम कंप्लीट नहीं किया, बीपीएल परिवारों के यहां एक बल्ब नहीं लगाया, अधूरा काम छोड़कर चले गए, इस बात की जांच करवा लीजिए कि किस तरीके से किसानों और गरीबों के साथ धोखा हो रहा है। उत्तर प्रदेश में, बिहार में इसकी जांच करवा लीजिए। मेरा सुझाव है कि इसमें कोई बहुत बड़ी टेक्नोलॉजी की जरूरत नहीं है। खम्भा लगाना है, तार खींचना है, ट्रंसफार्मर लगाना है, इसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों को बैन कर दीजिए, इसमें बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। यह भ्रष्टाचार दिल्ली में होता है। बुरा मत मानिएगा, इस भ्रष्टाचार को बंद कर दीजिए, नहीं तो राजीव जी का सपना पूरा नहीं हो पाएगा और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा। मनरेगा अच्छी योजना है, इसमें दो राय नहीं है, लेकिन धरती पर यह दिखाई नहीं पड़ रही है। यह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। गांव में जो सीधा-साधा आदमी था, इस योजना ने उसको भी भ्रष्टाचारी बना दिया है और जेल जाने की तैयारी करवा चुकी है। जिस दिन आप इसकी जांच करा लेंगे, कोई प्रधान, मुखिया या सरपंच ऐसा नहीं है, जो जेल के अंदर नहीं जाएगा। मैं उनकी स्वायत्ता पर हमला नहीं करना चाहता, मैं उनके स्वाभिमान पर हमला नहीं करना चाहता, लेकिन निगरानी की पक्की व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि इस पैसे का दुरूपयोग हो रहा है, यह पैसा बर्बाद हो रहा है। यह पैसा किसी एक का नहीं है, पैसा देश का है और देश के काम नहीं आ रहा है। इसलिए मैं अपनी बात समाप्त करते हुए उम्मीद करता हूं कि जो सुझाव मैंने दिए हैं, आप उनको मानेंगे।

सभापति जी, अंत में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि किसी ने कहा है -

इतना जान लो कि हम लड़ेंगे तुमसे बराबर के,

क्योंकि जितनी उम्र तुम्हारी जुल्म की है,

ठीक उतनी ही उम्र हमारी क्रोध की भी है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

DR. RATNA DE (HOOGHLY): Sir, all the three Budgets presented by the hon. Finance Minister during the last three-year tenure of UPA-II Government had a nice blend of three objectives – (1) maintaining economic growth close to double digit, (2) ensuring that growth is inclusive and (3)making institutional changes through which welfare programmes are derived, but this year's Budget is completely different in texture and tone. Unlike previous year, this year's Budget has an over-riding objective of fiscal consolidation. In an attempt to achieve that, the hon. Finance Minister has compromised on both growth as well as inclusiveness. The Budget is anything but inclusive. This is highly inflationary and regressive. It hits the poor the most. A huge increase in indirect taxes (to the tune of Rs. 45,000 crore) together with hike in railway across the board makes the Budget both inflationary an regressive. In such a precarious situation an income tax relief to the upper middle class and the rich defies all the principles of inclusiveness and increases the inequality.

Now the important question is will all these measures really, (at the cost of inclusiveness) help the fiscal consolidation. As far as my understanding goes, it would not. This is because the assumption on the basis of which the hon. Finance Minister had promised to bring down fiscal deficit to 5.1 per cent of GDP will not hold good. For example, the targeted deduction of subsidy on food, fuel and fertilizer to two per cent of GDP is unconvincing. Moreover, the targeted reduction in fuel subsidies is unlikely to be achieved. More so in the face of the Middle East crises.

Once the Food Security Bill is approved by the Parliament, funds required for that will be fully provided for. The hon. Finance Minister makes no mention of the sources which would provide for such a huge sum. Fourthly, resource mobilisation through non-tax revenue like divestment and spectrum allocation had been pegged at Rs. 30,000 crore and Rs. 40,000 crore respectively. Both seem to be over-estimation, given the present business scenario in the country.

All these considerations combined together indicate that plans for fiscal consolidation are unlikely to work. Much of course would to depend on growth prospect of the economy in the coming fiscal and the tax buoyancy therefrom. That brings me to the important question of growth. The Finance Minister himself recognizes that "growth" would largely depend upon the domestic demand, that is, domestic consumption and domestic investment. How far that would be achieved should be seen from both, demand and supply sides.

As far as urban middle-class demand is concerned, situation is not encouraging at all. Jobless growth together with high inflation would eat-up substantial purchasing power of urban communities, and with that gets the added cut in EPF rate to 8.25 per cent.

Rural demand might get a boost through the Budgetary provision of more than Rs. 20,000 crore for farm growth, irrigation and rural development. This is consistent with the rural focus of the last few Budgets. Moreover, Budget proposes a significant rise in credit-flow to agriculture to 5.75 trillion for boosting farm output and investment. Together, they should spur demand and investment in the rural economy.

On the supply-side, much has been done in the Budget. Three major supply-bottlenecks had been addressed to, namely, skill shortage; raw-material shortage, particularly coal; and infrastructure shortage, especially, power, aviation, highways and ports. Much had been done in all these three areas both in terms of fund allocation and innovative measures. But, despite all these, a 7.4 per cent growth target looks ambitious as the RBI would fail to reduce the interest rate in the face of high fiscal deficit and spiralling inflation. Without an interest rate cut, consumption and investment cannot be boosted substantially.

Before I conclude, I have some serious requests to make to the hon. Finance Minister. Here, on behalf of people of West Bengal I find a Finance Minister who understands the importance of fiscal correction at the Central-level even at the cost of unpopular measures. He would then certainly appreciate the agony of bearing huge debt-burden by certain States like West Bengal. So much so that the annual debt servicing, that is, annual interest plus principal repayment comes to the tune of Rs. 22,000 crore, which is almost equal to State's own tax revenue. Under these circumstances, we have no other way, but to request the hon. Finance Minister for an interest plus repayment moratorium in the form of annual grant for a period of

three consecutive years. I do hope that the hon. Finance Minister would give due consideration to this request.

The prices of fertilisers and the MSP of raw jute need to be revised or a bonus is to be announced on the existing MSP as the same has resulted in increase in the prevailing market-price. This has undoubtedly added to the agonies of the farmers who are already aggrieved and distressed. My earnest request to the hon. Minister is to take urgent steps to ensure availability of decontrolled fertilisers to the small and marginal farmers with price support, which would result in encouraging balanced use of nutrients and waive-off debts for marginal farmers with a view to prevent further distress amongst the poorer sections of the farming community.

The Government has announced the MSP of raw jute in the range of Rs. 1,630 per quintal to Rs. 1,738 per quintal depending on the grade of jute and location of production. This announcement had severe consequences. For example, the MSP being below the cost of production, farmers of West Bengal faced great distress. We request the Hon'ble Minister to raise the MSP of Rs. 2,100 per quintal for raw jute. The total quantum of raw jute being produced in West Bengal is 150 lakh quintals. Jute production is the mainstay of West Bengal economy. Therefore, I would again request the hon. Finance Minister to give due consideration to my request and it is the request of the whole people of West Bengal.

P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Sir, I would like to participate in the discussion on the General Budget presented by our hon. Finance Minister, Shri Pranab Mukherjee in this House.

As stated by the Finance Minister, the Budget is not merely an account tallying the assets and liabilities, but it is something more: that you should have a vision. I do not say that there is no vision in this Budget, but for whom and how that vision is achieved is the main concern.

I am not competent to judge the Budget as the Finance Minister or as many of our learned Members have done, but at the same time, I would like to comment on the Budget within my limited capacity, that is, with limited economic knowledge and practical experience.

As far as the Finance Minister of any country is concerned, the most important issue before him is the resource mobilization. One of the parameters to comment on or judge the Budget is the tax structure that the Government has adopted. Here, there are two types of tax structures that we can adopt: one is the regressive tax structure and the other is the progressive tax structure. I am sorry to say that the Government has adopted the regressive tax structure because we are losing Rs. 4,500 crore from Direct Taxes, but at the same time, we are gaining Rs. 45,000 crore or more from Indirect Taxes. It means that the Government is not ready to touch the healthy or the wealthy people.

The principle of taxation suggests that any Finance Minister has to tax persons who are able to give the tax. In the case of millionaires or the billionaires in India, in 2004, their number was nine which now has increased to 59 in US dollar terms; but in terms of Indian rupees, the number really is 69. Why is the Government not ready to go after the highest strata, but is only going for the Indirect Tax system? On this ground of tax system, I say that this Budget is pro-rich rather than pro-poor.

Another source of income that the Finance Minister can get is the selling of the shares of the public sector undertakings. Last year, the Government gained Rs. 22,500 crore, and the Government now thinks that they may get Rs. 30,000 crore. This is purely privatization because these are really the assets of the nation. The Left Parties, not only the Left Parties but even the other Parties, have been opposing it. In the strike held on the 28$^{th}$ of February in India, not only the Left Trade Unions, but even INTUC, BMC have participated against this sort of decision taken by the Government.

Every year, the public sector undertakings contribute a substantial amount to the Government in the form of Excise Duty, Customs Duty and Sales Tax. Last year, they have contributed at least Rs. 29,000 crore. If we take the figures for the last three years, that amount would be coming to around Rs. 5,00,000 crore or Rs. 6,00,000 crore or something more. When the public sector undertakings are paying taxes in different forms, you are really killing the goose that lays the golden eggs. It is being done to really assist the private sector. Therefore, we strongly oppose the selling, destroying and looting of the public sector undertakings.

Two years back, the Government had claimed that they had a better growth rate of 9.6 per cent, which was true. But it was reduced to 8.4. Then, it was again reduced to 7.4 per cent, and now it is being considered to be around 6.9 per cent.

The target for agriculture was more than four per cent, but now it is below three per cent. The setback in the industrial sector is very severe. In regard to the progress in Services sector, I agree with it. So, the claim of the Finance Minister that our economy is in a better health, we cannot conclude it to be so, when the situation is like this. Even the benefits of this growth rate are not getting translated into improvement in the living conditions of the common people.

The price rise has become a day to day affair. The price rise is high. The prices of essential goods are also going up. This is due to wrong policies pursued by the Government. One of the main reasons for the price rise is the rise in the prices of petroleum products. Decontrolling is the main reason and now Government intends to decontrol diesel also. The deficit of this Budget is 5.1 per cent i.e. 5 lakh 22 thousand crore. Why are we facing such a huge deficit? In your Budget presentation, you have given tax concessions worth 5 lakh 28 thousand crore of rupees. Tax concessions are the decision of the Government voluntarily not to collect the taxes. The Government has not collected 5 lakh 25 thousand crore. If these taxes have been collected, there would have been fiscal surplus. Not only the tax concessions, if we take the three years tax concessions, that will to come to about Rs. 50 lakh crore.

To reduce the fiscal deficit, what measures does the Government is going to take? You have reduced the subsidy on fuel by Rs. 25,000 crore and reduced the subsidy on fertiliser by Rs. 6,000 crore.

What is your economic security concept? You consider tax concessions are incentive for growth and subsidy concessions given to the poor are burden. The poor has become the burden for you and the rich has become an asset. This is how you build the security of our economy. This is not the security of all the people but a security for only a few people.

You give more and more incentives to the corporate and the rich. The Government do this with the hope that by giving more incentives to the corporate, you may get more investments. I can agree to some extent but the Government is missing and forgetting one thing. Unless people purchasing power is not enhanced, how this growth rate can be enhanced even if you have higher investment. It is a serious concern. I am saying this because in 2004, you have seen that there were nine persons who have become the millionaires and now, it has become 59 persons. At the same time, according to your report or 80 crore of the population or 73 per cent of the people of India, they are getting only Rs. 20 a day. With this Rs. 20, how can the purchasing power of the people can be enhanced? So, even if you get more investment and the growth, this issue is not considered by the Government.

Whatever amount of cheaper capital you may make available to the corporates and however they increase their investments, that will not give growth unless people of my country have money within their hands. So, the economic security promised by the Finance Minister is economic security only for a few and it is not the economic security of the country as a whole.

Sir, the Census of India report say that nearly 40 per cent of our people live in the rural areas and living in some sort of thatched houses. Fifty per cent of the population of our country have no drainage. Fifty per cent of our people still use fire wood for their cooking. Then, how can we say that their purchasing power is increasing? This is not my report. This is Census Report of India.

No doubt, we have resources in our country. We have talented people in our country. When we go to the Gulf countries or America or Japan, we can see the excellent engineers and doctors who go there. Majority of the people are youth. It is really a rich country. When we have the highest number of people, it is not a burden. It is really an asset to the nation. 40 years back, the Kothari Commission recommended for six per cent GDP for education. Even after 40 years, we are not able to attain this growth. It comes about half of this only. In the elementary education in 2003-04, it was only 1.43 per cent and in 2010, it was only 1.6 per cent. In the Secondary Education in 2004, it was 0.92 per cent but now it has increased to 0.936 per cent. In the University Education, it was 0.36 per cent, now it is only 0.38 per cent. In the General Education, it was 0.02 per cent and now it is only 0.03 per cent. In language, it is only 0.015 and now it is 0.05. So, when we see the overall picture, we can say that we are in a better position only after detailed analysis.

Take for example the agriculture sector. I fully agree that the Government has increased Rs.1 lakh crore as the bank credit. What is the interest rate? The interest rate is seven per cent. We have the report that the farmers' suicide has gone to 2,58,000 and more. I had asked a question in this regard in the last Session also. How can these people get the bank credit when they are in a very very bad position? When we see the price fluctuation, the minimum support price as stated by other Members, has become a very important issue. Not only that. We give the higher bank credit, that is, the credit given by the banks. when we go to the details of it -- I have the experience of it being in the Standing Committee as many of the Members have -- the huge amount of that goes to the big corporate farmers and not the poor. Then we go to the non-performing assets (NPA). It is these people who have to give and not the ordinary people. We say that the agricultural credit is high. I do agree that some works are done by the Government. But these benefits have not gone to the actual

hands. That has to be taken as a real issue.

With regard to health, the combined expenditure of the Centre and the States in 2010-11 comes to about one per cent of the GDP. Now it has increased to 2.3 per cent of the GDP. Our target is four per cent. We have not reached to such an extent. The Planning Commission set up a high level expert committee on universal health coverage. But not even a single recommendation has been implemented till now. Kerala has the better health care facility, as you know very well. At the same time, we need more funds and more facilities. We have been asking for the EMS status, but it has not yet been given.

The most important issue that we are discussing is about the food security. The Government claims much about the food security. We are going to discuss the Food Security Act. We give relief to the poor people by way of subsidy. When we reduce the subsidy that is, Rs.25,000 crore as fuel and Rs.6,000 crore as fertilizers, how is it possible to attain the target of food subsidy? The latest Global Hungry Index has come. India's position is 67 among the 128 countries. Many African countries and Sri Lanka, Nepal, Ghana are above India. When we speak about the food security, we cannot talk about Kerala or some other State. But we have to talk about the all-India figure. What we see is that the purchasing power and the facilities are very limited. It is astonishing to note that the Deputy Chairman of the Planning Commission announced yesterday that Rs.22 in rural areas and Rs.26 in urban areas is the criteria for determining APL and BPL. It is surprising to note as to how the Government has accepted such an idea. I do not know where the Deputy Chairman and other persons are sitting. I would like to know whether they know the rural India; whether they have gone to any other place. This cannot be accepted. The Government has to really deny that report that has come.

Coming to the rural development, there is a decline in the Budget provision. Earlier the provision was of the order of Rs.74,001 crore and now it has declined to Rs.73,150 crore. Children are the assets of our nation. About 42 per cent population of our country belongs to the child sector. But the allocation for this sector is only 4.8 per cent. I do not think the allocation is adequate. About 69.5 per cent of the children suffer due to anaemia; 42.5 per cent children suffer due to under weight; 22 per cent of the children suffer due to low birth rate. Though the child labour is banned in our country, yet lakhs and lakhs of children are working in the hotels or the bus stands or any other place. But this is not banned at all.

The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes need more assistance. The Central Government and the State Governments are doing much. SCs constitute 16.23 per cent and STs constitute about 8.2 of our total population. But they are facing a dual discrimination – economic and social. In the last budget, out of 105 Demands for Grants that were sanctioned for the Union Government, only 24 have allotted funds and the other 81 under 43 Ministers having not taken any decision on this. In spite of the Central Government taking such decisions, they are not implemented not only by the States but also by the Centre. With regard to the minorities, there is no mention about the minorities in this Budget.

I now come to a couple of points related to my State Kerala. Kerala has the highest literacy rate in the country. Six of the Union Ministers now are from Kerala. Right now Mr. Thomas is sitting here and others are not. We have been demanding for a long time that an IIT be set up in Kerala. A large number of students who are educated in the State are going outside for higher studies. IIT has become a must for the students pursuing higher education. Though the literacy rate in the State is 100 per cent, we are not in the forefront in higher education. That problem can be solved only by establishing such institutions.

The former Chief Minister of the State and the present Chief Minister Mr. Oommen Chandy have asked the Union Government for a special package for farmers because about 50 farmers have committed suicide in the last ten months. But nothing is given in this Budget. I appreciate the Government for giving a special package of Rs.3,384 crore for the handloom workers. At the same time, the Union Government announced two mega clusters and five pilot clusters but nothing is given to Kerala. Kerala is the land of handlooms. How can we forget the lakhs and lakhs of workers engaged in this sector? Of course, we have to give this to the northern parts of the country also, but at the same we cannot deny this facility to the other States.

I come from Kasaragod in the northern part of Kerala. You know about the Endosulphan issue there. There are a large number of victims of Endosulphan there. Geneva Convention has banned usage of Endosulphan. The Government of Kerala has asked for Rs.475 crore for the victims of Endosulphan. I would urge upon the Government to give, at least on humanitarian consideration, some assistance to the victims.

The Prime Minister's Relief Fund is really a model one. However, the difficulty is that though in some cases people get assistance of Rs.1 lakh to Rs.2 lakh, in many cases they do not get anything. There should be some mechanism with regard to this Fund. With regard to the freedom fighters, many of the freedom fighters who are eligible for State pension are not able to get it. That also has to be taken into consideration.

The MNREGA is a model scheme which helps provide connectivity, creation of assets and employment. At the same time, in a State like Kerala the minimum wage is higher than the wage under MNREGA. So, there is a demand that it has to be increased to Rs.200. Otherwise it is difficult.

With these words, I conclude.

**श्री आनंदराव अडसुल (अमरावती):** सभापति महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज अगर मैं यहां से शुरू करूं कि हर साल किसान मानसून की राह देखता है, खेती तैयार करके रखता है। जब वह बीज बोने की तैयारी में होता है तो आकाश की ओर देखता है कि बारिश कब आयेगी। इसके अलावा यदि शहरी लोग हों तो उनके सामने पीने के पानी का सवाल पैदा होता है। वे भी इसकी राह देखते हैं। ऐसी ही स्थिति में एक आम आदमी बजट की ओर एक आशा के रूप में देखता है कि आने वाला बजट कैसा होगा, हमें कहां-कहां राहत मिलेगी। वैसे ही बाकी जनता भी उसकी राह देखती है, चाहे वह उद्योगपति हो, व्यापारी हो, कामगार हो, सर्विस करने वाला कर्मचारी हो, महिला हो या सीनियर सिटिज़न हों। लेकिन दुर्भाग्य से यह बताना पड़ता है कि जैसे किसान यह चाहता है कि सही समय पर सही बारिश हो, अच्छी फसल आए और उसे राहत मिले, उसी प्रकार यह जो बजट है, इस बजट को देखने के बाद कॉमन आदमी को बहुत निराशा हुई है।

सभापति जी, मैं यहाँ से शुरू करूँगा कि इनकम टैक्स की लिमिट पिछले साल 1,80,000 रुपये की थी। जब हम इधर उधर से सुनते हैं तो हमारी भी यह मानसिकता होती है, ज्यादा नहीं, लेकिन सब उम्मीद करते थे कि 3,00,000 रुपये तक तो यह लिमिट बढ़ जाएगी। हमारे वित्त मंत्री जी ने 20,000 रुपये की लिमिट बढ़ाकर इसमें 2000 रुपये का फायदा पहुँचाया है। वह करते समय भी महिलाओं और सीनियर सिटिज़न्स को नाराज़ किया है। पिछले बजट में उनको जो राहत मिली थी, 20,000 रुपये ज्यादा लिमिट महिलाओं के लिए थी, सीनियर सिटिज़न्स के लिए थी, वह भी निकाल लिया और ऊपर से जो सर्विस टैक्स 10 प्रतिशत था, वह 12 प्रतिशत कर दिया। एक तरफ यह समझें कि सभी लोगों को 20,000 रुपये की राहत मिली, लेकिन दूसरी तरफ हर चीज़ पर सर्विस टैक्स 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया, यहाँ तक कि दूध भी नहीं छोड़ा - जो दूध छोटे बच्चे से लेकर बुज़ुर्गों तक के लिए आवश्यक है, महिलाओं और पुरुषों के लिए भी तथा समाज के सभी वर्गों में दूध की बहुत ज़रूरत है। चाय के लिए तो दूध लगता ही है। यह सब बातें ध्यान में रखते हुए इस बजट में राहत तो दी नहीं गई बल्कि और बोझ बढ़ाया गया है। हमारे वित्त मंत्री जी यह तो मानते हैं कि पिछले पाँच सालों में महंगाई बढ़ी है, यह काबू में नहीं आएगी, लेकिन इस साल आएगी, इस महीने में आएगी, ये बातें हम सुनते आए हैं। लेकिन अभी तक बहुत कुछ राहत मिली है, ऐसा हम नहीं बोल पाएँगे। ऊपर से यह बोझ है। हमारे वित्त मंत्री क्या चाहते हैं?

महोदय, बजट पेश करने से पहले ई.पी.एफ. का जो इंटरस्ट रेट 9.5 प्रतिशत था, उसको 8.25 प्रतिशत कर दिया। यानी आम आदमी को राहत देने की बात तो नहीं है, फायदा पहुँचाने की बात तो नहीं है, लेकिन उसको मिलने वाली जो आमदनी है, उसको कम करने की बात ज़रूर इस बजट ने की है। कई जगह एक्साइज़ ड्यूटी बढ़ाई गई है। तो कीमतें किसी न किसी हिसाब से बढ़ जाती हैं - कभी टैक्स के कारण बढ़ती हैं तो कभी किसी और कारण से, लेकिन अल्टीमेटली जो हमारा कंज्यूमर है और छोटा आदमी है, उसको ही बोझ उठाना पड़ता है। कोई व्यापारी या उद्योगपति अपनी जेब पर यह घाटा नहीं डालता, उल्टा कमाने की ही सोचता है। वह धंधा कर रहा है, व्यापार कर रहा है तो यह होता रहेगा, लेकिन पाँच-दस पैसे की भी अगर बढ़ोतरी होती है तो भी आम आदमी उसकी लपेट में आता है। यदि मैं इस बजट के संबंध में कहूँ तो आम आदमी हमारे वित्त मंत्री जी के सामने है ही नहीं। एक तरफ प्लानिंग कमीशन के डिप्टी चेयरमैन ऐसा बोलते हैं कि एक आदमी के लिए गाँवों में 26 रुपये और शहरों में 32 रुपये काफी हैं और उस हिसाब से कैलकुलेशन करके उन्होंने आठ करोड़ गरीबी रेखा के नीचे वाले लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर ला दिया है।

**17.00 hrs.**

45 करोड़ से 37 करोड़ में आए हैं, ऐसी उन्होंने बात की है। इसका मतलब क्या होता है? हमारी सरकार गरीबी रेखा के नीचे के लोगों के लिए स्कीम लाती है, मतलब एक बाजू में यह स्कीम रखनी है, जैसे नेशनल रूरल एम्पलायमेंट गारण्टी स्कीम जैसा रखना है। वहां बढ़ोतरी की है, ऐसा बोलना है और दूसरे बाजू में उसका रोजगार निकालना है। क्योंकि वे गरीबी रेखा से ऊपर चले गए हैं। इसलिए इस स्कीम का इनको लाभ नहीं है। सरकार क्या चाहती है? हमारा प्लानिंग कमीशन क्या चाहता है? यह बात सोचने वाली है। कल बहुत बहस हुई और हमारे नेता गण ने प्लानिंग कमीशन के बारे में अपनी बात रखी। लेकिन सरकार की तरफ से कोई रिस्पोंस नहीं आया। किसी ने कोई बात नहीं की। इसका मतलब प्लानिंग कमीशन और हमारी सरकार, अगर मैं यहां तक बोलूं कि हमारे वित्त मंत्री मिलकर के यह बात कर रहे हैं, एक देने की बात कर रहा है, दूसरे बाजू में निकालने की बात कर रहा है। यह भी हो सकता है।

हमारे वित्त मंत्री जी ने इनफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए बहुत अच्छे प्रावधान किए हैं। मैं मान लेता हूं और धन्यवाद भी देना चाहता हूं। जैसे इंटीग्रेटिड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विसेज़ के लिए 58 प्रतिशत उन्होंने ज्यादा प्रावधान किया है। नेशनल प्रोग्राम ऑफ मिड डे मील 10380 करोड़ रुपए से 11937 करोड़ रुपए का उन्होंने प्रावधान किया है। रूरल ड्रिंकिंग वॉटर में 27 प्रतिशत की वृद्धि की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। हम मानते हैं। बैकवर्ड रीज़न के लिए 22 प्रतिशत की वृद्धि की है। मैं जानना चाहता हूं कि आपने बैकवर्ड रीजन की डेफिनेशन क्या बनायी है? आपकी बजट स्पीच में मैंने देखा है कि बिहार, वेस्ट बंगाल, काला हांडी और भी एक दो हैं। लेकिन आप भी इस बात को जानते हैं कि महाराष्ट्र के विदर्भ में पूरे देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या किसान करते हैं। आपकी सरकार के कार्यकाल में कम से कम 6 डिस्ट्रिक्ट के 16 हजार से भी ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। वहां 6 प्रतिशत इरीगेशन है। पूरी खेती मानसून पर निर्भर है। अगर मानसून सही आया तो कॉटन आता है। यदि मानसून सही आता है तो उसको सही दाम मिलना चाहिए। एक कंट्रोवर्सी देखी है, अगर हमारी सरकार को यह पता है तो वह कॉटन पर बैन लगा देती है, क्योंकि उसके हाथ में कॉटन की अच्छी फसल आयी है और वह सोच रहा है कि मैंने जो भी कर्ज उठाया है, वह मैं दे दूं और पूरे साल का मेरे घर का खर्चा भी चलाऊं। कॉटन का भाव साढ़े चार हजार, पांच हजार प्रति क्वींटल का भाव था, लेकिन बैन लगाने के

बाद यह दो हजार पांच सौ पर आ गया। सभी कॉर्नर से आवाज उठी तो सरकार ने मलहम-पट्टी की कि चलो दस दिन के लिए हम यह बैन उठा देते हैं। अब दस दिन में किसान जाकर मार्किट में अपना कॉटन बेचेगा और वही टाइम पर उसको सही दाम मिलेगा। ये सब बातें हमें प्रैक्टिकली देखनी चाहिए कि कहां क्या हो सकता है। मैं बैकवर्ड रीज़न के मुद्दे पर वापस आता हूं। जहां किसान आत्महत्या करता है, सालों से करता आया है, रुक नहीं रहा है। यहां के समाचार-पत्रों में किसानों की आत्महत्या की खबरें नहीं आती हैं, लेकिन वहां एक भी ऐसा समाचार-पत्र नहीं मिलेगा जिसमें हर दिन कम से कम तीन या चार किसानों ने आत्महत्या नहीं की हो क्योंकि उनकी खेती बारिश के ऊपर, मॉनसून के ऊपर निर्भर है। अगर फसल आता है तो ठीक है। लेकिन, अगर फसल ठीक नहीं आयी तो उसकी और भी दुर्दशा होती है तो क्या वह बैकवर्ड रिजन नहीं है? यदि हम बैकवर्ड रिजन के लिए कोई प्रावधान कर रहे हैं तो यह भी देखना चाहिए कि पूरे देश में और कौन-से बैकवर्ड रिजन हैं। विदर्भ को भी बैकवर्ड इलाके के रूप में गिनना चाहिए। यह भी मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : It is not only a backward area but also a Left Wing affected backward area. Money has to be provided in favour of Left Wing affected and Maoist affected areas.

**श्री आनंदराव अडसुल :** महोदय, मैं एक बात बताना चाहता हूं कि वह भी ट्राइबल एरिया है। वहां के दो ब्लॉक यानि तहसील पूरे ट्राइबल हैं। वहां तीन लाख से भी ज्यादा आबादी ट्राइबल की है। यह पहाड़ी इलाका है। So, it is not backward. इस हिसाब से अगर हम देखें तो वह भी बैकवर्ड है। अगर वहां किसान आत्महत्या करते हैं तो क्या वह बैकवर्ड नहीं होगा? यह भी सोचने की बात है। अगर आपकी बैकवर्ड रिजन की परिभाषा उस पर लागू नहीं होती है तो अपनी परिभाषा को बदलें। यह आपके हाथ में है कि उसकी परिभाषा का क्या करना है। जब हम वहां की कंस्टीट्युन्सी को रिप्रेजेंट करते हैं तो हमारी यह अपेक्षा है कि आप अपनी परिभाषा बदलें और उन्हें राहत देने का प्रयास करें।

महोदय, वर्ष 2006 में जब यह आत्महत्याओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा था, चूंकि यह आज भी कम नहीं हुआ है, उस समय हमारे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी वहां आए। उन्होंने खुद देखा और उसी दिन उन्होंने छः जिलों के लिए 3750 करोड़ रुपए का एक विशेष पैकेज घोषित किया। इस सरकार में क्या होता है, मैं इसका एक असली नमूना देना चाहता हूं। जो 3750 करोड़ रुपए का पैकेज मिला, उसमें आत्महत्याग्रस्त अमरावती, अकोला, यवतमाल, बुलढ़ाना, वासिम, और वर्धा - ये छः जिले थे। उसमें 2177 करोड़ रुपए सिंचाई के लिए रखे गए। मेरे चुनाव क्षेत्र में डैम बने हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को यूटीलाइजेशन सर्टिफिकेट देना पड़ता है। पैसा उठाया और सर्टिफिकेट देना है। मेरे पास फोटोग्राफ भी है। मैंने प्रधानमंत्री जी, वित्त मंत्री जी से पत्र व्यवहार भी किया। ये डैम मिट्टी के बनाए हैं। जहां डैम नहीं बन सकता है, जहां पानी कभी भी जमा नहीं हो सकता है, ऐसी जगह एक-एक नाले पर, जिसमें छोटा प्रवाह होता है, दो-दो डैम बनाए गए। यह मेरे चुनाव क्षेत्र की बात है। वहां के राज्य की सी.ए.जी. रिपोर्ट भी बोलती है कि इसमें बहुत बड़ा घपला हुआ है। यह सब लेकर मैंने एक निवेदन बनाया और रेवेन्यू कमिश्नर को दे दिया जो समाचार-पत्रों में भी आ गया। मैंने प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी को लिखा कि इसकी इंक्वायरी हो कि वहां आत्महत्याएं क्यों होती रहती हैं?

महोदय, आपने बहुत जगह इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलप्मेंट के लिए बहुत पैसा दिया है, यह मैं मानता हूं। लेकिन, उसका क्या यूटीलाइजेशन होता है, इसके लिए आपके पास कोई एकाउंटेबिलिटी और मॉनिटरिंग सिस्टम है या नहीं, यह भी देखना जरूरी है। जब तक आप यह नहीं देखेंगे तब तक आपके द्वारा यहां से पैसा देने से या कोई प्रावधान करने से कोई फायदा नहीं होगा। हमारे बहुत-से साथियों ने ऐसे मुद्दे उठाए हैं कि ऐसा करने से इसका कोई फायदा नहीं होगा।

मैं एक असली नमूना आपके सामने दे रहा हूं। इसकी भी इंक्वायरी होनी चाहिए। जो गुनहगार है, उसे दंडित करना चाहिए। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की बात हमने अभी-अभी उठायी है।

हम यहां से जो पैसा भेजते हैं, अच्छा प्रावधान किया है। आपने एससी के लिए 18 परसैंट और एसटी के लिए 17 परसैंट बढ़ाया है, हम मानते हैं। लेकिन क्या यह पैसा वहां तक पहुंचता है? मेरे यहां ट्राइबल एरिया में 40 गांव ऐसे हैं, जहां आज रोड, ड्रिंकिंग वाटर एवं इलैक्ट्रिसिटी नहीं है। वैसी अवस्था में वह ट्राइबल है। वहां कुपोषण बड़े पैमाने पर कम होने की बजाए बढ़ता जा रहा है। जब तक इफ्रास्ट्रक्चर नहीं होता है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पैसा मंजूर किया, फोरेस्ट एवं व्याघ्र प्रकल्प वालों ने आपत्ति उठाई कि यहां रोड नहीं बन सकती है। हम हमेशा प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी को लिखते रहे हैं, स्टेट के चीफ मिनिस्टर को भी हमने लिखा। आज तीन साल होने वाले हैं, किसी ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही कोई प्रावधान किया। बजट में प्रावधान करते हैं, आप पैसा भी देना चाहते हैं, फिर काम क्यों नहीं होता? मेरे तीन साल चुनाव क्षेत्र में हो गए हैं, उसके पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मंजूर हुई थी। अगर चार-चार साल में वहां रास्ता शुरु नहीं होता है, कोई रास्ता नहीं निकालता है तो रास्ता कैसे बनेगा? ट्राइबल लोगों का जो जीना हराम है, वह हराम ही रहेगा। क्या डेवेलपमेंट होगी। 65 साल तक यही होता आया है। इतने परसैंट हमने बढ़ाए, उसका क्या फायदा है, कुछ फायदा नहीं होता है। आपने जो भी पैसा एवं प्रावधान किया है, वह सही व्यक्ति के पास पहुंचा है या नहीं। जैसे हमारे स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने एक दफा बोला था कि हम सौ रुपए भेजते हैं तो 11 रुपए ही वहां तक पहुंचते हैं। मुझे लगता है कि आज 11 रुपए से भी कम ही पहुंचते होंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। हर महीने एक-एक घोटाला आ रहा है। आज का ही घोटाला हमने देखा। अभी उसके ऊपर खाली बहस हुई, हाउस एडजर्न हुआ, लेकिन बाद में कुछ नहीं हुआ। ऐसा ही होता जा रहा है। यह सिलसिला चालू रहता है।

जहां तक एग्रीकल्चर क्रेडिट की बात है। प्रधानमंत्री जी ने एक लाख करोड़ बढ़ाए, कुल मिला कर पांच लाख 75 करोड़ रुपए एग्रीकल्चर क्रेडिट के लिए दिए। उसके साथ एक जुड़ा हुआ मेरा कोर्सपोंडेंस पत्र वित्त मंत्री जी के पास है। हर स्टेट में एक लैंड डेवेलपमेंट बैंक होती है, आज उसका नाम ग्रामीण विकास बन गया है। देश की सभी स्टेट की लैंड डेवेलपमेंट बैंक प्रोबलम में आई तो एक कमेटी एपाइंट की गई। कमेटी ने बोल दिया, 4500 करोड़ सभी स्टेट बैंक को दे दें। मेरा जो स्टेट बैंक ऑफ महाराष्ट्र है, महाराष्ट्र स्टेट लैंड डेवेलपमेंट बैंक, उसे एक हजार करोड़ भी दे दिया। वैद्यनाथन कमेटी ने इसे मान लिया। इतने कानून बनाए, ये रूल्स, रेगुलेशंस हमारा पीछा करते रहे। अभी तक उनको एक भी पैसा नहीं मिला है। 1998 से, 13 साल तक वह बैंक ऐसे ही चलता रहा है। वह न किसान को कोई धन देता है, खाली 12-13 साल पहले जो दिया था, उसकी वसूली जो थी, वह खत्म हुई है। लेकिन वैद्यनाथन कमेटी का पैकेज अभी तक वहां तक पहुंचा नहीं है। इस बारे में हम हमेशा कहते रहे हैं। एग्रीकल्चर क्रेडिट बैंक की हर ब्लॉक में ब्रांच होती है। जिले में उसका हैड क्वार्टर होता है, स्टेट उसका कंट्रोल करता है। उनका एक अच्छा इफ्रास्ट्रक्चर है, लेकिन उसकी तरफ कोई ध्यान देने के लिए तैयार नहीं है। हम मिलते रहे, मैं वित्त मंत्री जी से भी मिला। हम एक तरफ यह बात कर रहे हैं कि हम एक लाख करोड़ रुपए बढ़ा रहे हैं। पूरे देश में दो हजार से ऊपर कोऑपरेटिव बैंक्स थे, अब 1600 हैं। जब से इंकम टैक्स आया, तब से उन पर लागू नहीं था। सन् 2006 में लागू कर दिया। हमने हमेशा बोला कि इनका फंक्शनिंग और फोरमेशन बाकी बैंक्स से अलग है। यह आम आदमी का बैंक है, यह डैमोक्रेटिक सैट-अप से बनता है और आम आदमी के लिए काम करता है और इसलिए इस पर इन्कम टैक्स नहीं था, अभी भी नहीं होना चाहिए। हमेशा, बार-बार यह मुद्दा उठाने के बावजूद आज कम से कम हमारे जो भी बैंकर्स हैं, वे इतना चाहते हैं कि चलो 30 नहीं तो कम से कम 15-20 परसेंट तो करो, इससे हमें राहत मिलेगी, हमें डिवीडेंड देना है, हमें एम्पलाइज़ की सैलरी देनी है, हमें डैवलपमेंट करना है, हमें कोर बैंकिंग करनी है, हमें वहां ए.टी.एम. बिठाना है, नई ब्रांच का एक्सपेंशन करना है। इन सब बातों

के लिए उनके पास कोई सरप्लस होना चाहिए, लेकिन सरकार उसके ऊपर कोई कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है।

मेरी वित्त मंत्री जी से प्रमुख रूप से विनती है कि मैंने आपके सामने तीन मुद्दे रखे हैं, एक बैकवर्ड रीज़न हमारे विदर्भ के लिए आप सोचिये, एक कोआपरेटिव बैंकिंग इंडस्ट्री को राहत देने के लिए इन्कम टैक्स कम कीजिए और जो लैंड डैवलपमेंट बैंक्स हैं, उसको जो भी निधि वैद्यनाथन कमेटी ने मंजूर की है, वह देने का प्रयास कीजिए।

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Mr. Chairman, Sir I would like to clarify one point since the hon. Member referred to and in the morning also this was discussed and created some furor over the so-called C&AG's Draft Report reported in the *Times of India.* At 1.30 p.m. today, the C&AG has sent a letter to the hon. Prime Minister.

Among other things, in the letter they have clarified:

> "In the extant case the details being brought out were observations which are under discussion at a very preliminary stage and do not even constitute our pre-final draft and hence are exceedingly misleading. â€¦Pursuant to clarification provided by the Ministry in exit conferences held on 9.2.2012 and 9.3.2012, we have changed our thinkingâ€¦In fact it is not even our case that the unintended benefit to the allocatee is an equivalent loss to the exchequer. The leak of the initial draft causes great embarrassment as the Audit Report is still under preparation. Such leakage causes very deep anguish."

As the hon. Members are fully aware, when the C&AG finalizes the Report, the first person to whom the Report comes is the Finance Minister. The Finance Minister on that Report seeks the permission of the President to place it on the Table of the House and when it is placed on the Table of the House, then normally it goes to the Public Accounts Committee. Therefore, what appeared in the newspaper is not the C&AG Report. They may have a scoop, and it is the prerogative of the newspaper. I am not making any comment. But I thought I should clarify the position.

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Mr. Chairman, Sir thank you very much for giving me the opportunity to express my Party's views on this Budget.

The hon. Minister of Finance had presented the Budget where Gross Tax Receipts are estimated at Rs. 10,77,612 crore. That is their Receipts. On the Expenditure side, he said that the total expenditure for 2012-13 is budgeted at Rs. 14,90,925 crore. This is the Budget which he had presented. As far as margin of deficit is concerned, he says that deficit is there and he is going to borrow from the market, namely, public and that the deficit may be reduced to Rs. 1,85,752 crore. But, Mr. Minister, in your Budget, you have not clearly said how you are going to raise the fund except borrowing money from the public. Also, you started on a very high note. In a dismal way, you have put the picture of the Budget. For example, you say:

> "The global crisis has affected us. India's Gross Domestic Product is estimated to grow by 6.9 per cent in 2011-12, after having grown at the rate of 8.4 per cent in each of the two preceding years. This year performance has been disappointing."

Mr. Chairman, Sir, he has also said that this year's performance has been disappointing. This is the whole analysis of what he says. At the same time, he has outlined how he is going to tackle this situation. Actually, he mainly depends, for example, on reducing the subsidies. What he said in his Budget Speech is:

> "It would be my endeavour to restrict the expenditure on Central subsidies to under 2 per cent of GDP in 2012-13. Over the next three years, it would be further brought down to 1.75 per cent of the GDP."

This means, he is going to reduce the subsidy. In this connection, I would like to say that subsidy is very important nowadays because most of the Government programmes, even that of the State Governments, need it. They are coming forward with so many welfare schemes. Sometimes, we are giving certain things free of cost. We are also giving subsidy on fertilizer, gas, etc. On so many things, we are giving subsidy. Without that, we cannot run the Government. For example, in Tamil Nadu, the hon. Chief Minister has brought so many welfare programmes. This Government is talking of food security. In Tamil Nadu, we are already giving 20 kg. of rice free to all the ration cardholders. We are already implementing that kind of food security in our State. Apart from that, we are freely giving modern equipment like mixie, grinder, fan to all ration cardholders. Nowadays, modern life requires some modern facilities also. Poor people must have the modern equipment.

For that, we are giving even grinder, mixie and fan free. For conducting marriage, poor people are suffering a lot. Gold price goes on increasing. When it is increasing, the poor people are not in a position to purchase gold for *manglasutra*. For that, the Government of Tamil Nadu has come forward to give four grams of gold free. Even in the case of marriage expense, we are giving Rs.25,000 free for the matriculate girls and Rs.50,000 for the graduate girls. That is why, I am telling that the Government must come forward to help the poor people.

Mr. Finance Minister, when you are talking of food security, in the Bill which you are bringing forward, you have fixed some price. But in Tamil Nadu, we are giving it free. Therefore, why I am telling is that apart from food security, so many other programmes are there. We have to see that aspect. Therefore, you cannot reduce the subsidy in due course of time.

I would request the hon. Finance Minister to have a rethink of it. Please do not withdraw the subsidy. It may be helpful from the macro-economics point of view. But, in the practical situation, the Indian people require many subsidies. Therefore, I am expecting that to continue.

The hon. Finance Minister is depending more on Public-Private Partnership. To create infrastructure facilities, he said that it requires Rs. 50 lakh crore Twelevth Five Year Plan.That is what he said. In that, he is depending on public investment, on the private sector to the extent of 50 per cent.

We are starting the Twelfth Five Year Plan. We are going in for that. He said: "We are going to take up this Plan." What is the environment which he is creating to attract investment? Why our Indian economy has come down is because the private investment has reduced. There is another thing. Mr. Minister, you are fully dependent on foreign money. You have said that foreign money has to come. You want to borrow from abroad . Already, lakhs of crores of money are lying in the tax havens. People are putting their unaccounted money in the banks in Switzerland and so many other countries. Many times, we discussed in this House that we have to bring back that money. What steps is the Government taking to bring back such kind of money to our country? If we bring that money, definitely Government can solve the problem. Government is trying to attract the investment from foreign countries but it will not come. Government has to bring black money stashed in foreign countries. My leader, hon. Chief Minister of Tamil Nadu made a statement on the Budget presented by the hon. Finance Minister, saying that the Budget does not provide any tangible solutions for problems crippling the Indian economy. The Indian economy is at the crossroads facing insurmountable problems of growth, slowdown, dwindling investment activity, high inflation, fiscal stress and the weakening Indian rupee. This calls for some bold measures to stem the price rise, build investor confidence, enhance the purchasing power of the common people and put the Indian economy back on the track. But it is disappointing to note that the Budget has not made any serious attempt to address the grave concerns affecting the Indian economy. This is what *Amma,* our leader said and this is also our Party's stand on this Budget.

Regarding agriculture, I would like to say that agriculture is the backbone of our country. Most of the Members and even our hon. Member, Shri Jaswant Singh said about Rajasthan incidents on cattle, etc. If we want to develop agriculture, we have to give more impetus to agriculture. Without agriculture, we cannot survive. Even though we are trying to industrialise our economy, but still our activities are based on agriculture. Agriculture is in doldrums now.

The Minimum Support Price which we are giving is not sufficient. Most of the agriculturists are deserting the agricultural activity now. For example, for producing the product especially paddy in Tamil Nadu, farmers are not able to sell that products. When the Food Security Bill become a reality, we would be taking products from Haryana, Punjab, Andhra Pradesh and our hon. Minister of State for Finance knows that we are procuring from Cauvery belt area. Then what about other areas like Dharmapuri and Krishnagiri district in Tamil Nadu? We are not procuring from these areas. We are taking rice from these places, and giving through the State, in villages for free. Now, when they are getting rice from Punjab and other places, which they get through the PDS, the local farmers are not in a position to sell their products. The cost is also high there. Therefore, some policy should be framed to see that whatever agricultural produce is produced, the same should be purchased by the Government.

What is the position of the poor farmer? When he is producing, he is not in a position to sell. We are controlling because we want to maintain the agricultural produce and the production is low. That is why we want to control it. At the same time, industrialists produce and they export it. They have the liberty to sell their products at higher price. When the demand is more from outside for our agricultural products, we are controlling them; we are banning them, and we are allowing not exports. Naturally, what is happening? Agriculturists are not able to derive profit or Minimum Support Price. That is the real position of the Indian economy. That is why, I am requesting the Government to pay them more.

The hon. Minister has stated in the Budget that it would increase the investment to 18 per cent or it would allow more allocation. That is not sufficient. Private people would not come. Already you have said that for industrial and infrastructural

facilities, Government would be trying to attract more investment from the private side. That may be right and some people may come in for that. But what about agriculture? Agriculture production is coming down. Take the case of MGNREGA or any other programme. It would not help the country as it is not sufficient. Therefore, we have to frame a good policy for agriculture to see that agriculturists are benefited.

Now, I would like to say a few words about the circulation of black money in our economy. Whenever I participate in a discussion relating to economy in the House, I give more emphasis on black money because there is so much of black money in circulation in Indian economy. Black money is only one part of it. There is another thing which is spoiling our economy and that is fake currency. We come across newspaper reports many times which show that some people are arrested with fake currencies. But what is actually happening? These fake currency notes are not printed in Nasik. They are printed in Pakistan and China and these fake currencies are coming into India through Nepal, Mumbai, Sri Lanka and Kerala. These are the channels through which these fake currencies are entering into our country.

The real estate value is going up like anything and that is only because of the circulation of fake currencies and black money. People cannot keep black money with them and so, they are investing it in real estate. Five years ago, the value of one acre of land was Rs. One lakh and now people are ready purchase the same land for Rs. One crore. How are they able to offer this much money? It is because of the black money that they are bringing into our country. They are investing in land at such a huge cost because they cannot keep this money with them and the poor farmers are tempted to get that amount of Rs. One crore for their land. So, they sell their land to these people. But the original value of the land is only Rs. One lakh. Therefore, the Government has to take some steps to control this.

Sir,high rate of inflation in our economy is not due to our economic policies but because of the entry of black money and counterfeit notes. The Government has to tackle this problem. This is very important. These land mafias and others have to be controlled. During my tenure as the Minister of Corporate Affairs, we have come across several incidents where the corporates issue bogus shares in the market. I do not want to name the companies. We had put a fine of Rs. 65 lakh on that company, but they had benefited to the tune of Rs. 500 crore. But such companies are issuing bogus shares in the market and that is how the inflation is going up. The Government must immediately stop this. Today morning also, Shri Gurudas Dasgupta mentioned about how industrialists wanted to become people's representatives in Lok Sabha and Rajya Sabha. They want to come here so as to protect their business interests. This is a dangerous trend and they are exploiting the weaknesses of politicians. So, I request the hon. Minister to take stringent action against such people.

Now, I would like to mention about the financial problem faced by the Government of Tamil Nadu. The State Government has already sent many letters to the Prime Minister requesting him to grant a special package to Tamil Nadu because we are facing a lot of problems. We are having severe power shortage in our State. We require more money to tide over this crisis for buying power from other States. But we are not having enough transmission lines for bringing power from the Central Grid as well as from other Northern States. The four Southern States of Andhra Pradesh, Karnataka, Kerala and Tamil Nadu are having only one grid and we are not able to get enough power from other States. Power is very essential for the economic development of the country. That is why, our Chief Minister has written to the Centre many times requesting for more money and also special financial assistance.

We also face many natural disasters frequently like cyclone and flood. Recently, Thane Cyclone has affected the coastal districts of Tamil Nadu and it has had a huge impact on the finances of the State as the State Government had to carry out relief and rehabilitation works in the affected areas. The Government of Tamil Nadu has requested for a special financial package from the Central Government. I request the hon. Finance Minister to look into this matter and help the State of Tamil Nadu so that our financial problem is solved to some extent.

The Central Government is having all the powers to raise a lot of resources, but the States are not in a position to do so. The Centre is borrowing Rs. Five lakh crore from the capital market also, but the State Governments are not allowed to do that. The Central Government is having several means to raise resources to implement their programmes. At the same time, the States are not in a position to raise more resources and they are like 'glorious municipalities', because they have no powers and they are made to beg before the Central Government. Therefore, the Central Government should delegate more financial powers to States. Otherwise, the hon. Minister has to give relaxation for the States so that they raise more resources on their own. The Central Government is trying to bring in more and more foreign investment into our country through PPP mode and by other means. In the same way, for State projects of the State Governments, you have to find out some ways so that they can raise their own funds. I would like to request you that.

I would like to conclude by saying that many issues have been raised with regard to shortage of drinking water, conditions of roads, and so many other things. But for all these things we need money. Therefore, I would request the hon. Finance Minister once again, in conclusion, to see that the State Governments are given some more powers, and whatever schemes

they are submitting may be considered, especially, whatever the hon. Chief Minister of Tamil Nadu has submitted. I would request the hon. Minister to consider those requests and give the necessary allotment.

**श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद पूर्व):** सभापति जी, आज दो बजकर दस मिनट पर वर्ष 2012-13 के अंदाज पत्र पर इस सदन के वरिष्ठ नेता, हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय जसवंत सिंह जी इस बजट की चर्चा को जिस ऊंचाई पर ले गए, बजट की आत्मा को झकझोर कर रख दिया और बता दिया कि सही बजट कैसा होना चाहिए। मैं समझता हूं कि उनके बाद 120 करोड़ लोगों की अपेक्षाओं को परिपूर्ण करने के लिए कैसा अंदाज पत्र होना चाहिए, वह कहने की मेरी धृष्टता नहीं है और मैं कहना भी नहीं चाहता। मेरी दोनों तरफ हालत ठीक नहीं है। जिनका मैं सबसे ज्यादा सम्मान करता हूं, पिता तुल्य मानता हूं, जिनका 40-50 सालों का संसदीय अनुभव है, उनके सिर पर देश को बनाने की जिम्मेदारी है। वे उसे बहुत अच्छी तरह निभा रहे हैं, मगर मुझे शिकायत यूपीए और कांग्रेस से है। इतने महान् व्यक्तित्व को, आपने अभी-अभी देखा, डिज़ास्टर मैनेजमैंट का चेयरमैन बना दिया। जब सरकार में तकलीफ आती है, पार्टी में आती है, तो प्रणब दा के बगैर नसरकार बच सकती है न आपकी पार्टी बन सकती है। ये संकटमोचक हैं। उन्हें देश के अर्थतंत्र पर जो ध्यान देना चाहिए, उसे देते हुए भी उसी में उलझे रहते हैं। जसवंत सिंह जी ने भारत के बजट की चर्चा की। हमारा बजट जो आज सदन में रखा गया है, वह हिन्दुस्तान का बजट नहीं है, वह इंडिया का बजट है।...(<u>व्यवधान</u>) इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आदरणीय जसवंत सिंह जी ने जो कहा, वह बजट का हार्ट है। दादा, 120 करोड़ लोगों की अपेक्षाएं ये हैं, वह भी एक ऐसा देश जिसमें 70 प्रतिशत लोगों की प्रतिदिन खर्च करने की क्षमता 20 रुपये से कम है। 40 करोड़ के आसपास लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करते हैं। 20 लाख लोग रेल और फुटपाथ की पटरियों पर पूरी जीवन व्यतीत कर देते हैं। हमारी सरकार का एक हिस्सा योजना आयोग गरीबों का मजाक करके गरीबी के नए मानक बनाता है - 22 रुपये और 28 रुपये। मैं समझता हूं प्रणब दादा, देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आपने अपना पहला बजट चाणक्य से शुरू किया था, दूसरा बजट लक्ष्मी माता और इंदू भगवान से शुरू किया था और तीसरा बजट शेक्सपियर से शुरू किया। शेक्सपियर की वह पंक्ति "I must be cruel, only to be kind." मैंने बी.ए. विद इंगलिश किया है। जसवंत सिंह जी ने ठीक तरह से कहा कि यह उचित नहीं है। अगर देश के अर्थतंत्र को ठीक पटरी पर लाना है, तो चाणक्य को उद्धरित करना चाहिए। चाणक्य ने कहा है कि जैसे फूल पर भंवरा बैठता है, उसके रस को पीता है, लेकिन फूल कभी मुरझाता नहीं है, उसकी सुगन्ध और सुंदरती वही रहती है। कर ऐसे लेना चाहिए कि फूल मुरझाए नही। यहां तो सारे देश के अलग-अलग फूल - किसान, मजदूर, महिलाएं, आम आदमी, नौकरी करने वाला, छोटे व्यापारी आदि सभी लोग, पैसे वालों को छोड़कर, मुरझा रहे हैं। मेरा दर्द दूसरों से अलग है, मैं आम आदमी का प्रतिनिधि हूं। सात बार लोक सभा में हो गए, उससे पहले 19 साल कारपोरेशन में, वर्ष 1975 से जनता की आवाज, किसी न किसी फोरम पर, बिना रुके मैंने जनसेवा की। सलमान साहब, गालिब का शेर मुझे याद आता है। दर्द मेरा वह है।

"बहुत जुदा है औरों से मेरे दर्द की किफायत गालिब,

जख्म का कोई निशान नहीं और तकलीफों की कोई इंतहा नहीं। "

इतना दर्द है। मेरा दर्द अलग है। आम आदमी मर रहा है। आंकड़ों के मायाजाल में मैं नहीं जाना चाहता क्योंकि उससे तकलीफ होगी। आपने वर्ष 2011-12 के बजट के दूसरे पैरा में कहा था

> "The economy is back to its pre-crisis growth trajectory which would set the pace for double-digit growth in the near future."

अब तंत्र पटरी पर आ रहा है, डबल डिजिट ग्रोथ होगी, देश का विकास बढ़ेगा, लेकिन हमें निराश होना पड़ा। 6.9 प्रतिशत आकर हम रुक गए। इस बार आपने कहा this year's performance has been disappointing. क्यों? कहीं हम अपनी दिशा से भटक तो नहीं गए हैं? क्या सिर्फ पैसों का आबंटन ही बजट का उद्देश्य नहीं हो गया है? अगर यह है तो देश हम सबसे क्या अपेक्षा करेगा। मैं भी इसी सदन का हिस्सा हूं 23 साल से। देश का आम आदमी, गरीब,मजदूर, बेरोजगार हमसे आस लगाकर बैठा है।

आपने बजट में करों में कुछ राहत देने की बात कही है। मैं ज्यादा लम्बा भाषण नहीं करूंगा। मैं यहां दो बजे से बैठकर बजट पर हो रही चर्चा सुन रहा था। जसवंत सिंह जी को मैंने सुना और अन्य साथियों को भी मैंने सुना। एक वरिष्ठ सदस्य के नाते मैं उन बातों को रिपीट नहीं करना चाहूंगा। जैसा मैंने कहा कि आम आदमी क्या अपेक्षा रखता है, उसके लिए कुछ बातों की पुनरावृत्ति करनी पड़ेगी। देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और न ही होगी, यह मैं बता चुका हूं। मेरे पास काफी मेटिरियल है, लेकिन मेरे दल की ओर से 23 सदस्यों को बोलना है इसलिए उन्हें भी मौका मिले, मैं संक्षेप में अपनी बात कहूंगा।

हर बार निराशाजनक बजट आता है। आपने इस बार के बजट में व्यक्तिगत आयकर सीमा 1,80,000 रुपए को बढ़ाकर 2,00000 रुपए करने की बात कही है। अखिलेश जी, जो मेरे परम मित्र हैं। उन्होंने जब उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री के रूप में शपथ लने के बाद कहा कि हमने वादा किया था कि बेरोजगारी भत्ता देंगे। मैंने दूसरे दिन अखबार में पढ़ा कि उनकी इस घोषणा के बाद प्रदेश में बेरोजगारों की लाइन लग गई और यहां तक कि लाठी चार्ज भी हुआ। इससे पता चलता है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। किस तरह से देश के बेरोजगार आज भत्ता लेने के लिए तैयार है, यह इससे पता चलता है। देश में 18 साल से 35 साल के बीच के 60 करोड़ नवयुवक यानि 120 करोड़ हाथ आपसे उम्मीद लगाए बैठे हैं कि हमें काम दीजिए और हम काम नहीं दे सकते। इसके लिए गहराई से सोचना पड़ेगा।

मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि इस बजट में संतुलन नहीं है। आपने व्यक्तिगत आयकर सीमा को बढ़ाकर 2,00000 रुपए कर दिया है यानि 20,000 रुपए की वृद्धि की है। इस 20,000 रुपए की आज बढ़ती हुई महंगाई के समय कोई कीमत नहीं है। आम व्यक्ति यानि आयकर दाता को इसका सालाना फायदा सिर्फ 2066 रुपए का होगा। लेकिन जो पैसे वाले लोग हैं, उन्हें 22,600 रुपए सालाना का फायदा होगा। मतलब यह कि एक महीने में जितना फायदा पैसे वालों को होगा, उतना फायदा आम आदमी को सालाना होगा।

मेरा सुझाव है, यह ठीक है कि देश आर्थिक विषमता से गुजर रहा है। हम भी चाहते हैं कि हमारा देश विकासशील न रहकर विकसित देश कहलाए। इसके लिए हमें सब्सिडी तो देनी पड़ेगी और महिलाओं को भी आप नाराज़ नहीं कर सकते। महिलाओं को आय में सिर्फ 10,000 रुपए का फायदा हुआ है। पहले उनके लिए 1,90,000 रुपए आयकर सीमा थी, जिसे अब बढ़ाकर 2,00000 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को कोई फायदा नहीं हुआ है। पांच लाख रुपए से ज्यादा कमाने वाले लोग इस देश में बहुत कम हैं। जहां तक मेरा अध्ययन है इस देश में 90 प्रतिशत से ज्यादा करदाता पांच लाख रुपए सालाना से नीचे आते हैं। मेरी आपसे मांग है कि बढ़ती हुई महंगाई और बढ़ती हुई बेरोजगारी को देखकर आम आदमी के लिए आयकर की इस सीमा को बढ़ाकर आप 3,00000 रुपए तक कर दें। कभी 10,000 रुपए और कभी 20,000 रुपए फायदा देने से आम आदमी का भला नहीं होगा।

सभापति जी, मैं काफी तैयार होकर आया हूं, लेकिन समयाभाव के कारण ज्यादा नहीं कहूंगा। अखबारों में योजना आयोग का गरीबी के बारे में नया आंकलन आया कि 29 रुपए जो व्यक्ति शहरों में रोज कमाता है, वह गरीब नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आम आदमी का इस राशि में क्या होगा। अगर इसे डिटेल में देखा जाए तो चार रुपए 80 पैसे में क्या खाद्यान्न मिलेगा, इतनी राशि में कौन खाना खाएगा? एक रुपया पैंतालीस पैसा खाद्य तेल में होगा और 1.87 पैसा सब्जी के लिए होगा। मैं सब्जी लेकर आने वाला था मगर यह सदन के लिए अच्छी बात तो नहीं है कि लाई जाए।

